राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, हाथरस, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 रामायण से रकुल प्रीत की अनदेखी...



अब जरीब से नहीं, सैटेलाइट तकनीक से... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 12 नवंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 247, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

तप और दीक्षा से ही राष्ट्र, बल और सामर्थ्य की हुई उत्पत्ति, पीएम मोदी ने साझा किया सुभाषित

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुभाषित साझा किया है। इस सुभाषित के जरिए संदेश दिया है कि तप और दीक्षा से ही राष्ट्र, बल और सामर्थ्य की उत्पत्ति होती है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर संस्कृत श्लोक, भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदस्तपो दीक्षामुपनिषेदुरग्रे। ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातं तदस्मै देवा उपसन्नमन्तु॥ साझा किया है। इस श्लोक का अर्थ है कि सबके कल्याण की इच्छा करने वाले, स्वर्ग के ज्ञाता ऋषियों ने सबसे पहले तप और दीक्षा का आश्रय लिया। उस तप और दीक्षा से ही राष्ट्र, बल और सामर्थ्य की उत्पत्ति हुई। ऐसे विकासोन्मुखी



राष्ट्र और उसकी सामर्थ्य को सभी देवता नमन करते हैं। यह मंत्र अथर्ववेद (शौनक संहिता, काण्ड 19, सूक्त 41, मंत्र 1) से लिया गया है। यह मंत्र इस बात पर प्रकाश डालता है कि एक सशक्त, ओजस्वी और समृद्ध राष्ट्र की नींव भोग-विलास से नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या, अनुशासन और सामूहिक कल्याण की भावना से होती है। इसमें ऋषियों (द्रष्टाओं और मार्गदर्शकों) के संकल्प को राष्ट्र के निर्माण और उसकी ऊर्जा (बल और ओज) का मूल स्रोत बताया गया है।

अथर्ववेद को ऋग्वेद के बाद की वेदांत अवस्था माना जाता है

बता दें कि अथर्ववेद-संहिता हिन्दू धर्म के पवित्रतम वेदों में से चौथे वेद, अथर्ववेद, की संहिता, अर्थात मंत्र-भाग है। इस वेद को ब्रह्मवेद भी कहते हैं। इसमें देवताओं की स्तुति के साथ चिकित्सा, विज्ञान और दर्शन के भी मंत्र हैं। कहा गया है कि जिस राजा के राज्य में अथर्ववेद जानने वाला विद्वान शांति-स्थापन के कर्म में निरत रहता है, वह राष्ट्र उपद्रवरहित होकर निरन्तर उन्नति करता जाता है। अथर्ववेद का ज्ञान भगवान ने सबसे पहले महर्षि अंगिरा को दिया था, फिर महर्षि अंगिरा ने वह ज्ञान ब्रह्मा को दिया। अथर्ववेद को ऋग्वेद के बाद की वेदांत अवस्था माना जाता है। इसमें मंत्रों के साथ विभिन्न प्रायोगिक उपयोग, उपचार, सुरक्षा और संपदा के लिए प्रार्थनाएं, व्याधि निवारण, वशीकरण और प्रभावशाली मंत्र आदि दिए गए हैं।

सोनिया गांधी के बयान पर भड़के अनिल विज

कहा-इटली के संविधान में विदेशी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर प्रहार करते हुए कहा कि सोनिया गांधी बिल्कुल गलत कह रही है क्योंकि हम अपने देश में दूसरे देश के नागरिकों को वही अधिकार देते हैं जो हमारे नागरिकों को उनके देश में अधिकार दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इटली में उनके संविधान के सेक्शन 84 के तहत कोई भी गैर प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नहीं बन सकता है। इसी प्रकार, हम भी सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बना सकते थे जबकि वह प्रधानमंत्री बनने के लिए तत्पर थी और इस कारण से उनको नहीं बनाया गया।



विज आज यहां चंडीगढ़ में सोनिया गांधी द्वारा लिखी गई किताब में कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद का त्याग किया है, के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब मीडिया कर्मियों को दे रहे थे। वर्ष 1984 में दंगों को लेकर सोनिया गांधी द्वारा किए हुए दुख के पूछे गए सवाल पर विज ने कहा कि यह ठीक है कि उन्होंने दुख जाहिर किया, लेकिन उनके पति राजीव गांधी ने कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है, तब उन्होंने अपने पति को क्यों नहीं समझाया और क्यों इतना कत्लेआम हुआ और अभी तक लोग उन जख्मों को लेकर घूम रहे हैं।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा दीपावली और प्रदूषण को लेकर की गई मानवजनित रोग टिप्पणी के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में विज ने कहा कि यह हमारी परंपराएं हैं जबकि एक नैरेटिव सेट किया जा रहा है कि जो हिंदुस्तान जैसे महान देश की परंपराएं हैं, उन पर समय-समय पर कुछ लोग योजनाबद् तरीके से प्रहार करते रहते हैं ताकि इसको कमजोर किया जा सके। लेकिन यह हिंदुस्तान देश है कि- कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, यूं तो रहा है दुश्मन दौर-ए-जहाँ हमारा।

मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम,12 नवंबर से लागू होंगी नई दरें

नई दिल्ली। मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 से 4 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी की नई दरें 12 नवंबर से लागू होंगी। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद

फुल क्रीम दूध 76 रुपये और टोंड दूध 62 रुपये प्रति लीटर मिलेगा

फुल क्रीम दूध 76 रुपये प्रति लीटर, टोंड दूध 62 रुपये और डबल टोंड दूध 56 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा।

वहीं, गाय के दूध की कीमत में भी 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। अब गाय का दूध 62 रुपये के बजाय 65 रुपये प्रति लीटर मिलेगा।

दूध की कीमतों में हुई इस बढ़ोतरी का सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा।

असम में हुए रेल हादसे में सभी यात्री सुरक्षित, चार को मामूली चोटें: मुख्यमंत्री हिमंता

गुवाहाटी (आरएनएस)। गुवाहाटी के पास दिगारू में बुधवार सुबह कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के इंजन समेत 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, सभी यात्री सुरक्षित हैं। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। हम इस स्थिति को लेकर रेल मंत्रालय (भारत) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। फंसे हुए सभी यात्रियों को जरूरी चीजें उपलब्ध करा दी गई हैं और उनकी आगे की यात्रा के लिए एक दूसरी ट्रेन का इंतजाम कर दिया गया है। इससे पहले, भारतीय रेलवे ने इस घटना को लेकर विस्तृत जानकारी शेयर की। रेलवे के अनुसार, यह



घटना बुधवार सुबह लगभग 6.54 बजे हुई, जब कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13125) को असम के दिगारू रेलवे स्टेशन पर किसी दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए रोका जा रहा था। उसी समय लोको पायलट ट्रेन की गति को नियंत्रित नहीं कर सके। इसके परिणामस्वरूप ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें इंजन और 5 कोच पटरी से उतर गए। भारतीय रेलवे ने शुरूआत में बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी ट्रेन का इंतजाम किया गया है। रेलवे ने कहा, राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। एन. एफ. रेलवे के महाप्रबंधक (जनरल मैनेजर) अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं, ताकि बहाली के काम की निगरानी की जा सके। भारतीय रेलवे ने यह भी जानकारी दी कि ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण दो ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। इनमें ट्रेन संख्या 12067 (गुवाहाटी-जोरहाट टाउन) जन शताब्दी एक्सप्रेस को पानबारी में रोका गया है। वहीं, ट्रेन संख्या 15627 (कोयंबटूर-सिलचर) एक्सप्रेस को पानीखैती में रोका गया है।

कारसेवकों पर गोली चलवाने के लिए रामलला से माफी भी मांगें अखिलेश : ब्रजेश पाठक

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में अयोध्या स्थित राम मंदिर और सनातन धर्म को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्री दयाशंकर सिंह ने निशाना साधा है। भाजपा नेताओं ने अखिलेश यादव पर चुनावी लाभ के लिए सनातन संस्कृति और हिंदू समाज का समर्थन करने का दिखावा करने का आरोप लगाया। साथ ही, राम मंदिर में दर्शन और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में कारसेवकों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भी सवाल उठाए।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कभी भी सच्चे मन से सनातन धर्म को नहीं अपनाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव आगामी चुनावों में वोट हासिल करने के लिए सनातन संस्कृति और हिंदुओं का समर्थन करने का दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को हिंदुओं के कल्याण से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की राजनीति तुष्टीकरण, वोट बैंक और जातिगत समीकरणों पर आधारित है। पार्टी के पास आम लोगों के कल्याण के लिए कोई ठोस योजना नहीं है।

शुभ नवरात्रि

जिला बुलन्दशहर में सबसे सस्ती विकसित Approved Colony

APPROVED COLONY APPROVED

सरस्वती विहार

ऑफर

शुरूआत में आओगे तो सस्ता मिलेगा, देर से आओगे तो महंगा मिलेगा

- जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत।
- भूड़ चौराहे से मेरठ हाईवे पर ऑनरोड कॉलोनी।
- न्यू नोएडा के नजदीक।
- बुलंदशहर रिंग रोड के नजदीक।
- सुन्दर पार्क एवं भव्य मन्दिर।
- स्कूल, डिग्री कॉलेज, रेस्टोरेंट, पैट्रौल पम्प के बिल्कुल नजदीक
- एक गेट की बन्द कॉलोनी।



दीपावली के अवसर पर आज से दीपावली तक प्लॉट बुक कराने पर विशेष लकी ड्रा

5 विजेताओं को 5* इलैक्ट्रिक स्कूटी जीतने का सुनहरा अवसर

नियम व शर्तें लागू*

होमलोन की सुविधा

24 घंटे बिजली सुविधा

कॉमर्शियल प्लॉट आवासीय प्लॉट

तैयार दुकान व तैयार मकान

सीसीटीवी कैमरे द्वारा सुरक्षित कॉलोनी

- प्लॉट - साईज 60 गज, 80, 100, 150 गज
- मकान - 2BHK, 3BHK
- रास्ते - 35, 30, 28, 24, 20 फुट चौड़े
- सीवर, पक्की नाली व पक्के चौड़े रास्ते

Marketd By : ALLIED DEVELOPER & ASSOCIATES, Bulandhsahr

-Vivek Rana -Shubham Singhal 9457015881 9917176500

पता-रेनिसेन्स स्कूल के पास, मेरठ रोड, गिझौरी, बुलन्दशहर

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

नेकपुर गांव में दबंगई का आरोप, दुकानदार और परिवार पर लाठी-डंडों से हमला! महिलाओं के साथ भी मारपीट का दावा, दहशत में ग्रामीण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। मुरादनगर क्षेत्र के गांव नेकपुर से दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकान का बकाया पैसा मांगना और दुकान पर बेवजह बैठकर समय बिताने का विरोध करना एक दुकानदार को भारी पड़ गया।पीड़ित दुकानदार के मुताबिक, जब उसने दुकान पर बेवजह बैठे लोगों का विरोध किया और सामान के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और दबंगों ने दुकानदार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।आरोप है कि मामला यहीं नहीं रुका। हमलावर लाठी-डंडों के साथ दुकानदार के घर तक पहुंच गए और परिवार की महिलाओं के साथ भी मारपीट की। परिवार का कहना है कि अपनी और परिजनों की जान बचाने के लिए दुकानदार को मकान की छत पर चढ़कर



पथराव करना पड़ा, जिसके बाद परिवार किसी तरह अपनी जान बचा सका।पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि दबंगों में से एक व्यक्ति का भाई पुलिस का मुखबिर होने का रौब दिखाता है और इसी के दम पर गांव में दबंगई करता है। ग्रामीणों का भी दावा है कि आए दिन इस तरह की घटनाओं से गांव के लोग डरे और सहमे हुए हैं।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि बाबा योगी आदित्यनाथ की सरकार में क्या आम दुकानदार को अपनी दुकान का पैसा मांगने का भी अधिकार नहीं है? क्या पुलिस का मुखबिर होने का दावा करने वाला कोई व्यक्ति कानून से ऊपर है?ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। अब देखना होगा कि मुरादनगर पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

जिलाधिकारी ने राशन विक्रेताओं को मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम दर्ज कराने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भारत निर्वाचन आयोग एवं उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के दिशा-

राशन वितरण के दौरान 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र सदस्यों की जानकारी लेकर भरवाएं प्रारूप-6: जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़

निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गाजियाबाद श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़



ने जनपद की मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं (राशन कोटेदारों) को आवश्यक निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी राशन विक्रेता अपने यहां राशन लेने आने वाले राशन कार्डधारकों के परिवारों में निवासरत 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पात्र सदस्यों की जानकारी प्राप्त करें तथा यह सुनिश्चित करें कि परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं या नहीं। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो उसे प्रारूप-6 उपलब्ध कराते हुए आवेदन भरवाएं अथवा ऑनलाइन आवेदन कराने में सहयोग प्रदान करें, ताकि उसका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराया जा सके।

पटाखों का विरोध करने पर घर में घुसकर फायरिंग, एफआईआर दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। दीपावली की रात को रामनगर में पटाखे जलाने से उठे धुएं का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसियों ने घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट और अभद्रता की तथा महिला पर गोली चला दी। गोली उसके सिर के बेहद करीब से निकल गई। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद और आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।



जानकारी के मुताबिक रामनगर निवासी 25 वर्षीय कल्पना कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दीपावली की रात करीब आठ बजे वह परिवार के साथ घर में पूजा कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग उसके घर के बाहर पटाखे जला रहे थे। पटाखों से उठने वाला घना धुआं घर के भीतर भरने लगा। इस पर उसके पति और ससुर ने पड़ोसियों से पटाखे न जलाने का अनुरोध किया। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर दो व्यक्ति अपने पांच से सात साथियों के साथ जबरन घर में घुस आए। उन्होंने परिवार के साथ अभद्रता की और फायरिंग कर दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक गोली उसके सिर के बेहद करीब से निकल गई। महिला ने आरोपियों पर जातिसूचक शब्द कहने और घर में रखे सात हजार रुपये ले जाने का आरोप भी लगाया है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बहनों ने भाइयों को तिलक कर की दीर्घायु की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक भाई दूज पर्व बुधवार को क्षेत्र में पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने स्नेह और जिम्मेदारी का भाव प्रकट किया। पर्व के चलते शहर की सड़कों पर दिनभर खासी चहल-पहल रही। बहनों के घर आने-जाने और परिवारों में मिलने-जुलने का सिलसिला



जारी रहने से मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव बना रहा। दोपहिया वाहनों के साथ ही चौपहिया वाहन भी बड़ी संख्या में सड़कों पर दौड़ते नजर आए। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर भी सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ दिखाई दी। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए एसीपी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पूरी मुस्तैदी के साथ मोर्चा संभाला। प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा। जिससे वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित बनी रहे और लोगों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो। भाई दूज के अवसर पर बाजारों में भी रौनक रही। मिठाई, फल और उपहारों की दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। दूर-दराज रहने वाले भाई-बहनों ने फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर विधायक डॉ मंजू शिवाच, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली और ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों को भाई दूज की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को प्रेम, पारिवारिक एकता और आपसी विश्वास का प्रतीक बताया।

गन्ना आवंटन को लेकर कर्मचारी धरने पर, किसानों ने 14 दिन में भुगतान की रखी शर्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)। सिम्भावली शुगर मिल के आगामी पेराई सत्र 2026-27 के लिए पर्याप्त गन्ना आवंटन की मांग को लेकर बुधवार

मिल नहीं चलने पर कर्मचारियों ने दी आत्मदाह की चेतावनी,
किसानों ने मांगा पिछले वर्ष का 78 करोड़ गन्ना बकाया भुगतान

को मिल कर्मचारियों ने लेबर यूनियन अध्यक्ष नारायण सिंह के नेतृत्व में मिल परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि गन्ना आयुक्त ने मिल को केवल मिल गेट और छह क्रय केंद्र आवंटित किए हैं, जो मिल की पेराई क्षमता के मुकाबले काफी कम हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मिल नहीं चली तो वे आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। उन्होंने शासन और प्रशासन से पर्याप्त गन्ना आवंटित कर मिल का संचालन शुरू कराने की मांग की। वहीं, मिल गेट और क्रय केंद्रों से जुड़े किसानों ने भी सरकार एवं गन्ना विभाग से अन्य



चीनी मिलों में गन्ना आवंटित कराने का आग्रह किया है। किसानों की मांग है कि पहले पिछले सत्र का 78 करोड़ रुपये बकाया भुगतान कराया जाए। इसके बाद अन्य चीनी मिलों की तरह 14 दिन के भीतर गन्ना भुगतान सुनिश्चित करने का लिखित आश्वासन दिया जाए, ताकि किसानों का विश्वास बना रहे।

धरने में अरुण त्यागी, पवन त्यागी, उमेश कुमार, नीरज शर्मा, हामिद अली, मारूफ अली, कृष्ण पाल, राजेंद्र सिंह, ऋषिपाल, राजीव चौधरी, पवन कुमार और ताहिर अली समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

गाजियाबाद में फ्लैट की छठी मंजिल से गिरकर बैंक फाइनेंसकर्मी की मौत,पत्नी पर धक्का देने का पिता ने लगाया आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। नंदग्राम क्षेत्र में सोमवार रात फ्लैट की छठी मंजिल से गिरकर अमरोहा निवासी अंकित चौहान की मौत हो गई। अंकित निजी बैंक फाइनेंस का काम करते थे और फ्लैट संख्या ठए-606 की रेलिंग पर बैठकर सिगरेट पी रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संतुलन बिगड़ने पर उन्होंने रेलिंग पकड़कर शोर मचाया, लेकिन लोगों के पहुंचने से पहले उनके हाथ फिसल गए और वह नीचे गिर पड़े। उन्हें संजय नगर स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद के मुताबिक, नौ दिन पहले ही अंकित के घर बेटे का जन्म हुआ था। वहीं, मृतक के पिता जयपाल सिंह ने बहू पर बेटे को बालकनी से धक्का देने का गंभीर आरोप लगाया है। पिता के अनुसार, दंपती के बीच पहले से वैवाहिक विवाद चल रहा था और अंकित नौकरी छूटने के कारण भी मानसिक तनाव में थे। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संतुलन बिगड़ने से गिरने अथवा आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, जबकि पिता की ओर से लगाए गए हत्या संबंधी आरोपों को भी ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

निवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के विकास की तैयारी तेज, 780 करोड़ से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। मोदीनगर क्षेत्र के निवाड़ी में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र को धरातल पर उतारने की दिशा में यूपीसीडा ने एक और कदम बढ़ाया है। प्राधिकरण ने परियोजना के लिए व्यापक कंसल्टेंसी सेवाएं लेने को टेंडर जारी किया है। इसके तहत चयनित एजेंसी औद्योगिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग डिजाइन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, निविदा प्रक्रिया के प्रबंधन से लेकर निर्माण पूरा होने तक तकनीकी सहयोग देगी।

जानकारी के मुताबिक मोदीनगर निकट निवाड़ी कस्बे में करीब 780 करोड़ रुपये की लागत से 150 हेक्टेयर भूमि पर यह औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना है। परियोजना तीन चरणों में पूरी होगी। जिसमें करीब 60 हेक्टेयर सरकारी भूमि भी शामिल है। टेंडर के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 16 नवंबर निर्धारित की गई है। जबकि चयनित एजेंसी को 630 दिनों में निर्धारित कार्य पूरा करना होगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग से जुड़े उद्योगों के लिए अवसर विकसित किए जाने की योजना है। पहले चरण में भूमि खरीद पर करीब 260 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। जबकि दूसरे चरण के लिए 75 करोड़ रुपये का भूमि समझौता भी हुआ है।

परियोजना पूरी होने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ परिवहन, आवास, व्यापार और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को भी गति मिल सकती है।

21 नवंबर को मुजफ्फरनगर में गरजा पश्चिम प्रदेश का मुद्दा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। मुजफ्फरनगर पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा की टीम द्वारा जिला मुजफ्फरनगर में प्रेसवार्ता तथा जनसंपर्क कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम प्रदेश निर्माण तथा उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन की मांग को लेकर जोरदार समर्थन देखने को मिला। कार्यक्रम में मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कर्नल सुधीर चौधरी, केंद्रीय महासचिव,ओमवीर सिंह वीरवाल, केंद्रीय संगठन मंत्री,नरेन्द्र वर्मा , सदस्य, केंद्रीय कोर समिति श्रीमती मेरज जहाँ, जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर एवं मोर्चा के अन्य सम्मानित सदस्य। कार्यक्रम में सुरेन्द्र मलिक,





महासचिव मुजफ्फरनगर बार एसोसिएशन, चन्द्रवीर सिंह, पूर्व सचिव बार एसोसिएशन मुजफ्फरनगर एवं सम्मानित अधिवक्तागण तथा अनेक गणमान्य सदस्य भी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में मांग का किया समर्थन

सभी सम्मानित साथियों द्वारा पश्चिम प्रदेश निर्माण तथा उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन की मांग का जोरदार समर्थन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता लंबे समय से विकास, शिक्षा, रोजगार और प्रशासनिक सुविधाओं में पिछड़ रही है। छोटे राज्य से ही इस क्षेत्र का समुचित विकास संभव है।

21 नवंबर को दिल्ली में बड़ा कार्यक्रम

संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा 21 नवंबर को दोपहर 2 बजे, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में आयोजित उत्तर प्रदेश पुनर्गठन कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थिति का आश्वासन दिया गया।मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि दिल्ली का कार्यक्रम इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा देगा।

भैया दूज **जेल परिसर में हर तरफ भाई-बहन के मिलन और भावुक पलों का नजारा देखने को मिला**

डासना जिला जेल में भैया दूज का पर्व भाई-बहन के प्रेम और भावनाओं के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। डासना जिला जेल में भैया दूज का पर्व भाई-बहन के इस खास मौके पर बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों से मुलाकात करने जेल पहुंचीं। किसी के हाथों में पूजा की थाली थी, तो कोई अपने भाई के लिए मिठाई लेकर पहुंची थी। जेल परिसर में हर तरफ भाई-बहन के मिलन और भावुक पलों का नजारा देखने को मिला।

सुबह से ही डासना जिला जेल के मुख्य गेट पर बहनों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार अपने भाइयों का तिलक किया और उनकी लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। जेल प्रशासन की ओर से इस बार खुली मुलाकात की विशेष व्यवस्था की गई, ताकि बहनें बिना किसी परेशानी के अपने भाइयों से मिलकर भैया दूज का पर्व मना सकें।

पर्व को देखते हुए जेल प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए थे। मुलाकात के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए जेल कर्मचारियों की अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई थी।जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि भैया दूज के अवसर पर बहनों को अपने भाइयों से मुलाकात करने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा का पूरा ध्यान रखते हुए





पर्व को सादगी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा रहा है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। एसीपी मसूरी सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि जेल के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मसूरी थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक और जेल चौकी प्रभारी अंकित श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिसकर्मी लगातार सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं।

जेल के आसपास बैरिकेडिंग की गई, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और मुलाकात के लिए आने वाली बहनों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करते नजर आए।

डासना जिला जेल में भैया दूज के मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच भाई-बहन के अटूट प्रेम और रिश्तों की मिठास देखने को मिली। अपनों से दूर रह रहे भाइयों के लिए यह दिन खुशियों और भावनाओं से भरा रहे '

गंगनहर में मिले शव की दीपक कुमार के रूप में हुई शिनाख्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। निवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनिया विहार रेगुलेटर के पास गंगनहर में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त गाजियाबाद के पटेल नगर निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद से ही पुलिस उसकी पहचान कराने के प्रयास में जुटी थी। पहचान होने के बाद अब पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह गंगनहर में सोनिया विहार रेगुलेटर के निकट एक व्यक्ति का शव दिखाई देने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची निवाड़ी पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर कब्जे में लिया और शिनाख्त के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शुरूआती जांच में शव की गर्दन पर चोट के निशान मिलने की बात भी सामने आई थी। इसके चलते हत्या की आशंका को लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों में सूचना भेजने के साथ अन्य माध्यमों से भी जानकारी जुटाई। बाद में मृतक की पहचान दीपक कुमार निवासी पटेल नगर गाजियाबाद के रूप में हुई। हालांकि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और वह गंगनहर तक कैसे पहुंचा। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस इन पहलुओं पर जांच कर रही है।

पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2026

छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 12.11.2026, 13.11.2026 एवं 14.11.2026 को पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

दिनांक 12.11.2026 (गुरुवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	स्थान	ठहराव
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस)	08:35	पटना जं	21:30	एग्जीक्यूटिव चेयर कार एवं एसी चेयर कार	अलीगढ जं. कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं, पं दीन दयाल उपाध्याय जं. बक्सर एवं आरा
04010	दिल्ली जं.	23:05	सीतामढ़ी जं.	23:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनोमी एवं शयनयान	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, सिकटा, रक्सौल जंक्शन और बैरगनिया
04068	नई दिल्ली	19:00	पटना जं.	15:00	शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, टूंडला जंक्शन, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर
04014	आनन्द विहार (ट.)	15:40	लौकहा बाजार	20:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., शीशो जं.,सकरी जं., झंझारपुर एवं वाचस्पति नगर
04096	आनन्द विहार (ट.)	00:05	पाटलिपुत्र	23:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल जं.	06:35	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं.,बख्तियारपुर एवं सहरसा जं.
04062	आनन्द विहार (ट.)	12:00	भागलपुर	13:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भमुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भमुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जानकीनगर रोड एवं कमतौल
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं.
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड, कमतौल, शीशो जं. एवं सकरी जं.
04022	नई दिल्ली	14:30	गोरखपुर जं.	04:10	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद
04058	आनन्द विहार (ट.)	00:20	छपरा जं.	19:20	प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर
04214	आनन्द विहार (ट.)	09:00	अयोध्या कैंट	22:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., लखनऊ जं. एवं बाराबंकी जं.

दिनांक 13.11.2026 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

02436	नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस)	08:35	पटना जं.	21:30	एग्जीक्यूटिव चेयर कार एवं एसी चेयर कार	अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा
04028	आनन्द विहार (ट.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर जं.
04014	आनन्द विहार (ट.)	15:40	लौकहा बाजार	20:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., शीशो जं., सकरी जं., झंझारपुर एवं वाचस्पति नगर
04096	आनन्द विहार (ट.)	00:05	पाटलिपुत्र	23:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल जं.	06:35	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा जं.
04052	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा	23:40	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बंडेल
04062	आनन्द विहार (ट.)	12:00	भागलपुर	13:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भमुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर	15:00	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	दिल्ली जं., गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भमुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जानकीनगर रोड एवं कमतौल
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं.
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड, कमतौल, शीशो जं. एवं सकरी जं.
04022	नई दिल्ली	14:30	गोरखपुर जं.	04:10	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद
04058	आनन्द विहार (ट.)	00:20	छपरा जं.	19:20	प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर
04214	आनन्द विहार (ट.)	09:00	अयोध्या कैंट	22:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., लखनऊ जं. एवं बाराबंकी जं.

दिनांक 14.11.2026 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

02252	नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस)	08:35	पटना जं.	21:30	एग्जीक्यूटिव चेयर कार एवं एसी चेयर कार	अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा
04014	आनन्द विहार (ट.)	15:40	लौकहा बाजार	20:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., शीशो जं., सकरी जं., झंझारपुर एवं वाचस्पति नगर
04096	आनन्द विहार (ट.)	00:05	पाटलिपुत्र	23:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल जं.	06:35	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा जं.
04062	आनन्द विहार (ट.)	12:00	भागलपुर	13:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भमुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामख्या जं.	21:15	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव, बरपेटा रोड एवं रंगिया जं.
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जानकीनगर रोड एवं कमतौल
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं.
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड, कमतौल, शीशो जं. एवं सकरी जं.
04054	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा जं.	23:40	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बंडेल
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गजरौला जं., मुरादाबाद, रामपुर, हरदोई, लखनऊ जं., रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़
05220	आनन्द विहार (ट.)	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45	2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. (इकोनोमी)	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर एवं हाजीपुर जं.

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

ग्रेनो वेस्ट के आठ लाख लोगों का इंतजार खत्म

अब मेट्रो से जुड़ेगा ग्रेनो वेस्ट,जाम से मिलेगी राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा (साजिद भाटी)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के करीब आठ लाख निवासियों के लिए मेट्रो का इंतजार खत्म होने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। करीब दस साल से लंबित मेट्रो विस्तार परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 (किसान चौक) तक 8.5 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस पर करीब 1500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। रूट पर पांच स्टेशन प्रस्तावित हैं। परियोजना पूरी होने से ग्रेनो वेस्ट सीधे नोएडा की एक्वा लाइन से जुड़ जाएगा। इससे रोजाना नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच सफर करने वाले नौकरीपेशा लोगों, छात्रों और अन्य यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

- दस साल से अटकी परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी
- सेक्टर-51 से किसान चौक तक बिछेगी 8.5 किमी लंबी मेट्रो लाइन
- 5 स्टेशन बनेंगे, 1500 करोड़ रुपये होंगे खर्च
- आरआरटीएस से जुड़ने पर तैयार होगा बड़ा कनेक्टिविटी नेटवर्क



नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के प्रबंध निदेशक कृष्णा करुणेश के अनुसार परियोजना का प्रस्ताव पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) के सामने रखा गया था। वहां से मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया। अब निर्माण के लिए केंद्र से अनुमति मिल गई है। अगले सप्ताह तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने और इसके करीब दो महीने बाद निर्माण कार्य शुरू कराने का लक्ष्य है।

इन पांच स्टेशनों पर रुकेगी मेट्रो

प्रस्तावित कॉरिडोर पर सेक्टर-61, सेक्टर-70, सेक्टर-122, सेक्टर-123 और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 यानी किसान चौक के पास स्टेशन बनाए जाएंगे। इस विस्तार से ग्रेनो वेस्ट के लोगों को सेक्टर-51 से एक्वा लाइन के जरिये नोएडा के अन्य इलाकों तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। इससे निजी वाहनों पर निर्भरता घटने और सड़कों पर यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है।

आरआरटीएस से जुड़कर बनेगा बड़ा नेटवर्क

परियोजना की भविष्य की योजना में इसे गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक प्रस्तावित क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) से जोड़ने की भी योजना है। इससे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली के बीच आवागमन के विकल्प बढ़ेंगे। मेट्रो कॉरिडोर आरआरटीएस के प्रस्तावित रूट से अलग होगा। दोनों परियोजनाओं को अलग-अलग विकसित करने की योजना है।

नेफोमा ने बताया दिवाली का तोहफा

नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने मंजूरी पर खुशी जताते हुए कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी कई वर्षों से मेट्रो की मांग कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा का आभार जताया। उनके मुताबिक, मेट्रो शुरू होने से लाखों लोगों को फायदा होगा और यातायात जाम से राहत मिलेगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के निवासियों के लिए दिवाली का बड़ा उपहार बताया।

युवक की हत्या कर फरार आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। स्कूटी टकराने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को फेस-1 कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर-3 स्थित पार्क में पुलिस से घिरने पर आरोपित ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। घायल आरोपित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- स्कूटी टकराने के विवाद में अमित की हुई थी मौत
- सेक्टर-3 के पार्क में घेराबंदी के दौरान पुलिस पर झोंकी गोली



पुलिस के अनुसार आरोपित की पहचान नया बांस, सेक्टर-15 निवासी आफताब उर्फ तुस्सी के रूप में हुई है। पुलिस को बुधवार को सूचना मिली थी कि हत्या के मामले में वांछित आफताब सेक्टर-3 के पार्क में छिपा हुआ है और वहां से भागने की फिराक में है। सूचना पर पहुंची पुलिस को पार्क के बाहर उसकी बाइक खड़ी मिली।

पुलिस टीम ने पार्क में तलाश शुरू की तो आफताब अपने साथी के साथ भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। घटना में प्रयुक्त बाइक भी कब्जे में ली गई है।

स्कूटी टकराने के विवाद में हुई थी युवक की मौत

पुलिस के अनुसार 8 और 9 नवंबर की रात स्कूटी टकराने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान अमित के सिर में गंभीर चोट लगी थी, जबकि शिवम भी घायल हुआ था। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया था। शिवम का उपचार जारी है।

मामले में फेस-1 कोतवाली में हत्या और हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ पहले से तीन अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

किताबों से आगे सामाजिक सरोकार का पाठ पढ़ने वृद्धाश्रम पहुंचे एनआईईटी के विद्यार्थी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। एनआईईटी ग्रेटर नोएडा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने रामलाल वृद्धाश्रम एवं गौशाला का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को खाद्य सामग्री वितरित की और उनके साथ समय बिताया। विद्यार्थियों ने बुजुर्गों से बातचीत कर उनके जीवन के अनुभव सुने। आईटी विभागाध्यक्ष डॉ. रितेश रस्तोगी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भाव, सामाजिक जिम्मेदारी और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। बातचीत के दौरान विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों की चुनौतियों और उनके जीवन में भावनात्मक सहयोग के महत्व को समझने का अवसर मिला।





संस्थान का उद्देश्य पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

प्रदूषण का बच्चों की पढ़ाई पर असर

जहरीली हवा के आगे बदला स्कूलों का शेड्यूल, 5वीं तक हाइब्रिड पढ़ाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए गौतमबुद्धनगर में कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पांचवीं तक की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में संचालित की जाएंगी। इसके तहत अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार बच्चों के लिए ऑनलाइन या स्कूल जाकर ऑफलाइन पढ़ाई का विकल्प चुन सकेंगे।



यह व्यवस्था गुरुवार से लागू होगी और अगले आदेश तक जारी रहेगी। जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार बना हुआ है। प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)-3 के प्रतिबंध भी लागू हैं। छोटे बच्चों को प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राहुल पंवार ने बताया कि जिले में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब से गंभीर श्रेणी में बना हुआ है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com
मुरादाबाद-रामपुर
गाजियाबाद, गुरुवार, 12 नंवबर 2026
4

कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ सीआरपीएफ कैंप पर हमले के आरोपी का पोस्टमार्टम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। अज्ञात बदमाशों द्वारा मंगलवार शाम को सीआरपीएफ हमले के आरोपी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था।जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।बुधवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच कई डॉक्टरों के पैनल में पोस्टमार्टम कराया।पुलिस मुकदमा लिखने की तैयारी कर रही है।हत्यारोपियों को तलाश किया जा रहा है।

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

बता दे कि 31 दिसंबर 2007 की रात और एक जनवरी 2008 की सुबह सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के गेट नंबर एक पर हुए हमले ने पूरे देश को दहला दिया था। आर्तकियों की गोलियों से सात सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे, जबकि एक रिक्शा चालक की भी जान चली गई थी। इस सनसनीखेज हमले की जांच के दौरान खजुरिया थाना क्षेत्र के आकिलपुर उर्फ बदनपुरी गांव निवासी शरीफ अहमद उर्फ सुहेल उर्फ साजिद उर्फ अनवर उर्फ अली को 10 फरवरी 2008 को गिरफ्तार किया गया था। 11 सालों के बाद सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर हुए आतंकी हमले में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे फांसी की सजा सुनाई गई थी लेकिन हाईकोर्ट ने जांच और साक्ष्यों में गंभीर खामियां पाते हुए उसे हत्या और आतंकवाद से जुड़े प्रमुख आरोपों से बरी कर दिया। हालांकि,आर्म्स एक्ट में दस साल की सजा बरकरार रही, मगर जेल में बिताई गई अवधि के कारण उसे रिहाई मिल गई। उसे हर रोज थाने में जाकर हाजिरी लगानी होती थी। रोजाना की तरह वह मंगलवार शाम को थाने में हाजिरी लगाने के बाद वापस आ रहा था, कि बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।जिसके बाद सनसनी फैल गई थी।एकदम अधिकारी मौके पर दौड़ पड़े थे। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पोस्टमार्टम कराया गया। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि सख्ती के बीच पोस्टमार्टम कराया गया है। जल्द ही मुकदमा लिखा जाएगा।


मोहम्मद शरीफ

जेल में पिता, बेटा और बहन को खोया

शरीफ के जेल में रहने के दौरान परिवार पर दुखों का पहाड़ भी टूटा था। परिजनों के मुताबिक, करीब दस साल पहले उसके पिता अयूब खान, विवाहित बहन अकबरी बी, दस वर्षीय बेटे आरिस और भतीजे आहिल की मौत हो गई थी। लंबे समय बाद घर लौटने पर वह परिवार के साथ रह रहा था। अब उसकी हत्या से परिवार एक बार फिर गहरे सदमे में है।

अस्पताल से लेकर गांव तक रही पुलिस तैनात

सीआरपीएफ हमले के आरोपी की गोली मारकर हत्या करने के मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है,क्योकि थाने से कुछ दूरी पर ही गोली मारकर हत्या कर दी थी आखिर क्यो मारा गया,इसका जवाब भी अभी तक पुलिस के पास नहीं है।एसओजी से लेकर खुफिया विभाग तक इस हत्या पर पैनी नजर बनाए हुए है। उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है।सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल से लेकर मोहम्मद शरीफ के घर पर पुलिस तैनात रही।

जिस तरह से हुई हत्या,चल रही थी रेकी

जिस तरह से मोहम्मद शरीफ की गोली मारकर हत्या की गई थी।उससे साफ जाहिर होता है कि कई दिन से रेकी चल रही थी कि रोजाना शरीफ थाने में हाजिरी लगाने जाता है।उसके बाद रेकी की जा रही थी,आरोपियों को यह भी पता था कि रात जल्दी हो जाती है।इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए आरोपियों ने मौका पाकर मोहम्मद शरीफ को गोली मारकर हत्या कर दी थी।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व सांसद बेगम नूरबानो को जन्मदिन की बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष काशिफ खां एवं एडवोकेट नोमान खां ने बुधवार को नूर महल पहुंचकर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दोनों ने बेगम नूरबानो की अच्छी सेहत और लंबी उम्र के लिए दुआ कीजिलाध्यक्ष काशिफ खां ने कहा कि बेगम नूरबानो वरिष्ठ राजनीतिक शख्सियत हैं। उनका सार्वजनिक जीवन और रामपुर की जनता से जुड़ाव विशेष महत्व रखता है। एडवोकेट नोमान खां ने भी पूर्व सांसद को जन्मदिन की मुबारकबाद देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।दोनों ने दुआ की कि अल्लाह तआला बेगम नूरबानो को हमेशा सेहतमंद रखे और उन्हें लंबी उम्र अता फरमाए।


पूर्व सांसद को जन्मदिन की बधाई देते प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष काशिफ खां एवं नोमान खां

शांति भंग की आशंका में छह लोगों का चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मिलक। कोतवाली मिलक पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करते हुए बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में एसडीएम न्यायालय भेजा। पुलिस के अनुसार, ग्राम परम का मझरा कल्याणपुर निवासी पप्पू पुत्र झुंडेलाल और सत्यपाल पुत्र सियाराम तथा ग्राम भोपतपुर निवासी राजवीर पुत्र रामेश्वर, राजेश पुत्र सत्यप्रकाश, रामपाल पुत्र राम स्वरूप और राजाबाबू पुत्र रामपाल के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई।पुलिस ने सभी छह लोगों को हिरासत में लेकर एसडीएम न्यायालय मिलक भेज दिया।कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक वीरेश कुमार, हेड कांस्टेबल चंचल चौधरी, कांस्टेबल सुमित चौधरी और मोहित कुमार शामिल रहे।

परचम कुशाई के बाद उर्स का आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। बरेली गेट स्थित मौलवी जमाल उद्दीन साहब का उर्स परचम कुशाई के बाद बुधवार से शुरू हो गया है। बुधवार को नमाज असर कुल हुआ। बाद नमाज ए मगरिब कव्वाली का कार्यक्रम हुआ। कल 12 नवंबर को भी उर्स जारी रहेगा।

12 नवंबर को होगी चांद की पहली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। शहर ए काजी सैयद खुशनूद मियां ने बताया कि 10 नवंबर को जमादिल आखिर का चांद नजर नहीं आया। न ही चांद किसी के देखने की कोई गवाही आयी। इसलिए अब जमादिल आखिर के चांद की पहली तारीख 12 नवंबर होगी।

युवती से दुष्कर्म और धमकी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। मझौला थाना क्षेत्र में युवती के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने, जान से मारने और अश्लील फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को बुधवार तड़के करीब 3:20 बजे गिरफ्तार किया।उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(1), 126(2), 333 और 351(3) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, राम तलैया निवासी युवती ने शिकायत में आरोप लगाया था कि आरोपी शिवम उर्फ शुभम सैनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोप है कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही उसकी अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसे डराया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर जबरन शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। शिकायत के आधार पर मझौला थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रामतलैया निवासी शिवम उर्फ शुभम सैनी पुत्र राजेंद्र सैनी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी उम्र करीब 24 वर्ष है। पुलिस के मुताबिक मामले में आरोपी से पूछताछ की गई है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी के पूर्व आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध मुजम्मिल खां, उपनिरीक्षक कार्तिक चौधरी, मुख्य आरक्षी अजीत चौधरी और आरक्षी अनिल कुमार शामिल रहे।

ट्रेन में चढ़ गया 11 वर्षीय बालक,जीआरपी ने सीसीटीवी से तलाश कर मां को सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। मुरादाबाद रेल मंडल के बरेली सिटी रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने के दौरान भीड़ में अपनी मां से बिछड़ा 11 वर्षीय बालक गलती से ट्रेन में चढ़ गया। सूचना मिलते ही जीआरपी बरेली सिटी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से बालक की तलाश की और ट्रेन रवाना होने से पहले उसे सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बालक को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार को प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात जीआरपी कर्मचारियों के पास एक महिला पहुंची और बताया कि टिकट लेने के दौरान अधिक भीड़ होने के कारण उसका करीब 11 वर्षीय बेटा उससे बिछड़ गया है। महिला ने काफी तलाश की, लेकिन बालक का पता नहीं चल सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार शर्मा के निर्देश पर तत्काल स्टेशन पर बालक के गुम होने की सूचना प्रसारित कराई गई।

स्योहारा में बिना नक्शा निर्माण और सरकारी सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत से मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

स्योहारा। नगर में भवन निर्माण के नक्शे स्वीकृत कराने को लेकर जहां आम नागरिकों को नगर पालिका के चक्कर लगाने पड़ते हैं, वहीं मोहल्ला मिल्कियान, तकी सराय में कथित रूप से बिना स्वीकृत नक्शे के भवन निर्माण कराए जाने और सरकारी सड़क की भूमि पर अतिक्रमण की आशंका का मामला सामने आया है।

इसको लेकर मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग उठाई है।

शिकायतकताओं का आरोप है कि शहबाज पुत्र अजमल द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा है, जबकि निर्माण का नक्शा अभी तक नगर पालिका से स्वीकृत नहीं कराया गया है। साथ ही निर्माण के दौरान सरकारी सड़क की भूमि प्रभावित होने की आशंका भी जताई गई है।

ईओ ने कहा–मामला संज्ञान में है, जांच के लिए टीम भेजी गई थी, जांच के बाद होगी नियमानुसार कार्रवाई

मोहल्लेवासियों ने इस संबंध में अधिशासी अधिकारी और एसडीएम को शिकायती पत्र देकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।मामले में अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शिकायत उनके संज्ञान में है। निर्माण कार्य की जांच के लिए नगर पालिका की टीम मौके पर भेजी गई थी।

जांच रिपोर्ट और तथ्यों के आधार पर संबंधित मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।अब देखना यह होगा कि जांच में निर्माण की वास्तविक स्थिति और सरकारी भूमि से संबंधित शिकायतों को लेकर क्या तथ्य सामने आते हैं और नगर पालिका प्रशासन आगे क्या कार्रवाई करता है।

मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक सड़क और सरकारी भूमि की स्थिति स्पष्ट करते हुए निष्पक्ष जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाए।

कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय में विधि-विधान से हुआ चित्रगुप्त पूजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। चित्रगुप्त पूजन दिवस पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के दीनदयाल नगर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में भगवान चित्रगुप्त जी महाराज का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कर समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की गई।ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने सपरिवार भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा का गंगाजल और पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद पुष्पमाला, धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित कर पूजन किया गया। चित्रगुप्त चालीसा और आरती का पाठ भी किया गया। इस अवसर पर प्रदीप सक्सेना ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त समस्त प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं। वे सत्य, न्याय, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कायस्थ समाज के लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने और समाज की एकता व गौरव को मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही युवा पीढ़ी से शिक्षा, संस्कार और लेखनी के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारी और परिवार जन मौजूद रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।


पूजन करते पदाधिकारी

भाई दूज पर जेल पहुंचे 640 परिजन, 256 बंदियों से हुई बहनों की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। भाई-दूज के पावन पर्व पर जिला कारागार में बुधवार को विशेष व्यवस्थाओं के बीच महिला एवं पुरुष बंदियों की उनकी बहनों और परिजनों से मुलाकात कराई गई। कारागार में कुल 256 पुरुष बंदियों से मिलने के लिए 640 परिजन और बहनें पहुंचे, जिनमें 240 बच्चे भी शामिल रहे। बहनों ने सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ अपने भाइयों से मुलाकात की।भाई दूज को लेकर जिला कारागार प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं। परिजनों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर मार्गदर्शन किया गया। बहनों को रोली, दीपक और आरती की सामग्री उपलब्ध कराई गई। पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए गए, जबकि बैठने के लिए टेंट और कारपेट की व्यवस्था की गई। मुलाकात के दौरान बंदियों और उनके परिजनों के बीच भावनात्मक और हर्षोल्लास का माहौल रहा। जरूरत पड़ने पर बंदियों और उनके परिजनों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल हेल्प डेस्क पर डॉक्टर और फार्मासिस्ट भी तैनात रहे।

जिला कारागार में हर्षोल्लास से मनाया गया भाई-दूज पर्व,


जिला कारागार में भाई को गोला देती बहन

भाई दूज के आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए कारागार के अधिकारी और कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहे। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिला। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार कारागार परिसर में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ पीएसी कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।भाई-दूज का पर्व सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

रेस्टोरेंट में दो युवकों को घेरकर लाठी-डंडों से पीटा,वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा में कमालपुरी चौराहे के पास एक रेस्टोरेंट में आधा दर्जन से अधिक युवकों ने दो युवकों को घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा।

मंगलवार देर रात हुई मारपीट का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामला चर्चा में आ गया। वीडियो में हमलावर युवकों को लाठी-डंडों से पीटते और पीड़ितों को बचने के लिए चीखते-चिल्लाते देखा जा रहा है।बताया जा रहा है कि हमलावरों ने रेस्टोरेंट के अंदर दोनों युवकों को घेर लिया और उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना के दौरान मौके पर अफरातफरी मच गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस वायरल वीडियो और रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। गौरतलब है कि मझोला थाना क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में 17 वर्षीय किशोर की हत्या की घटना के दो दिन बाद मारपीट का यह मामला सामने आया है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रेलवे स्टेशन पर छूटा यात्री का बैग जीआरपी ने तलाश कर लौटाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। कांधला रेलवे स्टेशन पर यात्रा के दौरान छूटा यात्री का बैग जीआरपी ने तलाश कर सुरक्षित उसके मालिक को सौंप दिया। बैग वापस मिलने पर यात्री ने पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

कंबल रखा बैग सुरक्षित मिलने पर यात्री ने शामली जीआरपी का जताया आभार

पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला के निर्देशन में अपराध रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी रेलवे सहारनपुर देवेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण और जीआरपी शामली के थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मी रेलवे स्टेशन पर गश्त और जांच कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक पर तैनात पुलिसकर्मियों को दूरभाष पर जसवीर पुत्र साहब सिंह निवासी गांव जोहड़ी, थाना बिनौली, जिला बागपत ने सूचना दी कि यात्रा के दौरान उनका एक बैग रेलवे स्टेशन पर छूट गया है। बैग में कंबल रखा हुआ था।सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों ने प्लेटफॉर्म पर बैग की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद बैग सुरक्षित मिल गया। इसके बाद पुलिस ने बैग उसके मालिक जसवीर को सौंप दिया। बैग मिलने पर यात्री ने जीआरपी टीम का धन्यवाद किया। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी सुमित कुमार और मुख्य आरक्षी मोहित चौधरी शामिल रहे।

बसों के इंतजार में रहीं बहनें,परेशान हुईं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। भैया दूज पर भाइयों के माथे पर तिलक लगाने और उनके घर पहुंचने के लिए निकली बहनों को रोडवेज बसों में सफर के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ा। त्योहार पर रोडवेज प्रशासन की ओर से अतिरिक्त व्यवस्था किए जाने के बावजूद बुधवार को बस स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। कई बसों में पहले से ही सवारियां भरी होने के कारण यात्रियों को अगली बस का इंतजार करना पड़ा।

बस स्टेशन से बाहर तक रही यात्रियों की भीड़

रोडवेज बस अड्डे परिसर पर बड़ी संख्या में बसें तो खड़ी थी। लेकिन उनमें यात्रियों की संख्या उनसे भी ज्यादा नजर आई। स्टेशन पर पहुंचने वाली बसों में भी काफी भीड़ थी। बस आते ही यात्री अपने गंतव्य तक जाने के लिए सीट और जगह तलाशते दिखाई दिए। बसों के इंतजार में खड़ी चंचल ने बताया कि वह बस आने का इंतजार कर रही है। बस मिलते ही बैठकर अपने गंतव्य के लिए रवाना होंगी। कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्हें जिस स्थन पर जाना है वहां के लिए सीधी बस नहीं मिल रही है। ऐसे में उपलब्ध बस से किसी दूसरे स्थान तक पहुंचकर आगे की यात्रा के लिए दूसरी बस पकड़नी पड़ेगी। बसों में लगातार भीड़ बढ़ रही है इसलिए वे कुछ देर इंतजार कर रही है।


रोडवेज बस अड्डे के बाहर खड़ी बस में चढ़तीं सवारियां।

संकल्प

समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली

टीएमयू में मेडिकल डॉक्टरों ने लिया नशा छोड़ो,जीवन जोड़ो का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की फैकल्टीज ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्त रहने और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। फैकल्टीज ने कहा, युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा एवं शक्ति का प्रतीक होते हैं। समाज और देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। शपथ समारोह में फैकल्टीज ने संकल्प लिया, वे अपने शहर, जिले, प्रदेश और देश को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर सजग और सक्रिय रहेंगे। साथ ही अपने परिवार परिचितों और समाज के अन्य लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे और नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। वक्ताओं ने कहा, नशामुक्त समाज का निर्माण केवल व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और निरंतर जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश देते हुए नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवम् सुरक्षित जीवन अपनाने की अपील की। शपथ कार्यक्रम में मेडिकल साइंसेज के डीन एवम् एनाटॉमी विभाग के एचओडी प्रो. एसके जैन, मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. सीके जखमोला, मेडिसिन विभाग के एचओडी प्रो. वीके सिंह, डॉ. जिगर हरिया, साइकियाट्री विभाग की एचओडी प्रो. प्रेरणा गुप्ता, पैथोलॉजी विभाग की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, डॉ. आशुतोष कुमार, फिजियोलॉजी विभाग के एचओडी प्रो. जय वल्लभ के अलावा विभिन्न विभागों की फैकल्टी, सीनियर रेजीडेंस, ट्विटर आदि मौजूद रहे।फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के एचओडी एवं नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद डोडे ने डॉक्टरों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।



शपथ लेते छात्र एवं मेडिकल डॉक्टर

दिल्ली रोड पर युवक की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। मझौला थाना क्षेत्र में दिल्ली रोड स्थित एमडीए कार्यालय के सामने महफिल चाय ढाबे के पास 19 वर्षीय युवक अब्दुल्ला की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 10 नवंबर की रात दलपतपुर-चमरौआ क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 3(5) के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, आठ नवंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे अब्दुल्ला को उसके पिता शाकिर निवासी मोहल्ला मुल्लानो वाला, पाकबड़ा ने अन्य आरोपियों के साथ गोली मारने का आरोप लगाया था। गोली लगने के बाद अब्दुल्ला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। मझौला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दलपतपुर चमरौआ निवासी सरताज पुत्र पप्पी चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी उम्र करीब 27 वर्ष बताई गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में घटना के संबंध में जानकारी दी है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश और घटना में प्रयुक्त हथियार के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पूर्व आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी अजीत चौधरी और आरक्षी अनिल कुमार शामिल रहे। पुलिस के अनुसार आरोपी को 10 नवंबर की रात 8:35 बजे गिरफ्तार किया गया।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com
गाजियाबाद, गुरुवार, 12 नंवबर 2026
रामपुर 5

बहनों ने भाईयों का टीका कर दीघार्यु की कामना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जिले भर में भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई के माथे पर अक्षत तिलक किया, आरती उतारी। उसके बाद मिठाई खिलाई और दीघार्यु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए।

जिले भर में धूमधाम से मनाया गया भैया दूज पर्व

इस मौके पर बाजार में भी भारी भीड़ रही। बुधवार को जिले भर में भैया दूज का पर्व मनाया गया। सुबह से ही बहनें सवारियों से भाई को टीका करने के लिए निकल पड़ी। कहीं बहनें अपने भाइयों के घर भाई दूज मनाने के लिए पहुंचीं, तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। इस दौरान सुबह से ही बाजार में भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मिठाई, गोला आदि की खरीदारी की। भाइयों ने अपनी बहनों की पसंद के उपहार खरीदे। बहनों ने अपने भाइयों को रोली, चावल से तिलक किया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई। इस दौरान रोडवेज बसों, ट्रेनों और डग्गामार वाहनों में काफी भीड़ रही। भाइयों ने अपनी बहनों की पसंद के उपहार खरीदे। उसके बाद बहनों को गिफ्ट दिए गए। भीड़ अधिक होने के कारण रोडवेज बसें लोकल रुटों पर चलती रही। उसके बाद भी सवारियों को बसों का काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा जेल के बाहर भी महिलाओं की भीड़ रही।



भैया दूज के मौके पर अपनी बहनों से टीका कराते तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा

मिठाई और गोलों की खूब हुई बिक्री

दीपावली के पंच महोत्सव के अंतिम दिन मिठाइयों की दुकानों पर एक बार फिर भीड़ रही। भाइयों के लिए बहनों ने जमकर मिठाई खरीदी। इसके अलावा नारियल गोला और बताशे की दुकानों पर भी खूब भीड़ रही।बाजार में बहनों के उपहार के लिए लोगों की साड़ी, रेडीमेड गारमेंट, सराफ आदि की दुकानों से भी काफी खरीदारी की गई।

दिन भर बसों और ट्रेनों में रही भीड़

भैया दूज के पर्व पर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर सुबह से भीड़ रही। भैया दूज पर्व पर रोडवेज बसों के चक्कर बढ़ाने के बावजूद यात्रियों की बस स्टैंड पर काफी भीड़ रही। जैसे-तैसे यात्री बसों में सवार हुए। रेलवे स्टेशन का भी यही हाल रहा। टैक्सी स्टैंड पर भी कोई टैक्सी नजर नहीं आई। डग्गामार वाहनों से भी लोग सफर करते रहे। बहुत से लोग अपने निजी वाहनों से सफर करते रहे।

पूरे दिन लगता रहा जाम

भैया दूज के मौके पर सुबह से ही हाईवे पर वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। रोडवेज बसों और डग्गामार वाहनों के जगह-जगह वाहनों को रोक कर सवारियां भरने के कारण जाम लगता रहा।

पुलिस जाम को खुलवाती रही। वहीं ज्वाला नगर में पूरे दिन रुक रुक कर जाम लगता रहा। लोग वाहनों को सड़क किनारे खड़े होकर मिठाइयां खरीदते रहे। वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बनी रही।

संक्षिप्त समाचार

सरकार ने गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया तो किसान करेंगे आंदोलनः सलामत जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

स्वार। बुधवार को तहसील क्षेत्र के गांव शिवनगर किसने की हुई पंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता सलामत जाने कहा कि सरकार ने चीनी का मूल्य बढ़ा दिए लेकिन किसानों के गाने का मूल्य तय नहीं किया सरकार से हम मांग करते हैं। गन्ने का मूल्य पंजाब सरकार द्वारा जोड़ा गए हैं उसके आधार पर यूपी में तय करें अगर सरकार हमारी किसने की मांगों को नहीं सुनती है पूरा नहीं करती है तो इस संबंध में बड़ा आंदोलन किया जाएगा राष्ट्रीय स्तर जिला स्तर पर हम अपनी मांगे भी रखेंगे प्रदेश महासचिव भर्ती में वह जिला अध्यक्ष के समक्ष यह वार्ता रखी जाएगी और उनके आदेश अनुपालन में एक बड़ा आंदोलन तहसील स्वार में भी किया जाएगा किसानों को हर चीज में महंगाई है लेकिन किस की फसल व गाना में कोई बढ़ोतरी नहीं है कोई नहीं देख रहा है और आने वाले चुनाव में भी इसका जवाब बिना मुंह तोड़ दिया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष लखविंदर सिंह, चौधरी अजीत सिंह जिला उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह, हाजी अफसर अली, नौसा अली प्रधान, जसवीर सिंह, अमीर अहमद, और साथ में रहे किसान नेता सलामत जान,, इस संबंध में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद जी से बात करेंगे आएगा निर्णय उनके आदेश अनुसार तय किया जाएगा।

निर्वाचन तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी आनंद कुमार कन्नौजिया की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्वाचन तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, क्रिटिकल मतदेय स्थलों के चिन्हांकन तथा सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उप जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया वे अपने-अपने आवंटित सेक्टरों के प्रत्येक मतदेय स्थल का स्थलीय निरीक्षण करें।



बैठक को संबोधित करते एसडीएम

मतदान केंद्रों पर रैंप, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, क्रियाशील शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर तथा शेड आदि की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। जहां भी किसी प्रकार की कमी पाई जाए, वहां संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए। वल्नरेबिलिटी मैपिंग एवं क्रिटिकल बूथों की निगरानी सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट संयुक्त रूप से करें। क्षेत्र का भ्रमण कर ऐसे मझरे, बस्ती या क्षेत्र जहां मतदाताओं को भयभीत या प्रभावित किए जाने की संभावना हो, उनका सघन चिन्हांकन करें। क्रिटिकल व संवेदनशील मतदेय स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी व वेबकास्टिंग की तैयारी और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध समय रहते निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।एसडीएम ने आगे कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं संबंधित पुलिस अधिकारी एक टीम के रूप में कार्य करें। दोनों अधिकारी संयुक्त रूट चार्ट तैयार करें, मतदान केंद्रों तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्गों की पड़ताल करें तथा संचार व्यवस्था का पूर्व परीक्षण कर लें।उन्होंने संवेदनशील और वल्नरेबल क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ नियमित फ्लैग मार्च और जनसंवाद स्थापित करने के निर्देश दिए, जिससे कि आम मतदाताओं के मन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो और वे निर्भीक होकर मतदान कर सकें।इस बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी पीपी सिंह सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट और सम्बंधित थानों के प्रभारी उपस्थित रहे।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर। बिलासपुर में श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली। इसके माध्यम से गुरु की वाणी एवं संदेशों का प्रचार किया गया। आगामी 23 को नगर कीर्तन निकलेगा। 24 नवंबर को भव्य दीवान सजाया जाएगा। बुधवार तड़के सिख समुदाय के लोग नगर के माठखेड़ा रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एकत्रित हुए।नित नेम के पाठ के उपरांत निशान साहिब की अगुवाई में प्रभात फेरी प्रारंभ हुई।



प्रभात फेरी निकालते सिख समुदाय के लोग

फेरी में शामिल समुदाय के लोगों ने सबद-कीर्तन किया और जयकारे लगाए।साथ ही गुरु के आपसी प्रेम व शांति और मानवतावादी संदेशों का प्रचार किया। माठखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा, नैनीताल रोड व डाम कॉलोनी रोड का भ्रमण कर प्रभात फेरी श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज पहुंची। वहां ठहराव कर सबद-कीर्तन किया। यहां के बाद फेरी गुरुद्वारे लौट आई और अरदास की गई। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान तीरथ सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का सिलसिला आगामी 22 नवंबर तक चलेगा। 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे गुरुद्वारे से विशाल नगर कीर्तन निकलेगा। 24 नवंबर को गुरुद्वारा परिसर में सुबह 9 बजे से विशाल दीवान सजाया जाएगा। इसमें बाहर से आए जत्थों के सबद-कीर्तन और कथा-प्रवचन होंगे।

गुरु का अटूट लंगर भी चलेगा। प्रभात फेरी में डॉ. कुलविंदर सिंह, नवीन कुमार सिंह, स्वरूप सिंह, हरभजन सिंह, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, लखविंदर सिंह, प्यारा सिंह, गोविंद सिंह, गुरमीत सिंह, बलविंदर कौर, परमजीत कौर पोला, मंजीत कौर, सुरेंद्र कौर, सुखवीर कौर, कुलवंत कौर,गुरदीश कौर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

दढ़ियाल के त्रिवेणी शुगर मिल में किसानों से हुई पेराई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जनपद में बुधवार से गन्ना पेराई सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले दढ़ियाल क्षेत्र के मिलक नारायणपुर स्थित त्रिवेणी शुगर मिल में पेराई हुई। पहले दिन मिल में हवन-पूजन हुआ। इसके बाद किसानों से पेराई हुई। पेराई की प्रक्रिया दिनभर जारी रही।

किसानों को पुराने मूल्य के हिसाब से अधिकतम 400 रुपये प्रति क्विंटल से मिलेंगे। 11 नवंबर को नारायन पुर स्थित त्रिवेणी शुगर मिल, 12 को शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल, 16 नवंबर को रुद्र-बिलास चीनी मिल में पेराई शुरू होगी। तीनों मिलों की ओर से 167 गन्ना क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें त्रिवेणी शुगर मिल के 80, राणा शुगर के 72 और रुद्र-बिलास चीनी मिल के 15 केंद्र शामिल है। जनपद में इस बार 30,625 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की खेती की गई है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से पलटा फलों से लदा ई-रिक्शा,चालक की टूटी टांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मिलक। तहसील क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार ने फलों से लदे ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी।टक्कर लगने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि सड़क पर बिखरे फलों को देखकर बंदरों ने धावा बोल दिया। बंदरों के फल लूटने से मौके पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना लखीमपुर भीका और नरखेड़ा गांव के बीच की है। जानकारी के अनुसार नरखेड़ा गांव निवासी दो भाई मोहित और विपिन बुधवार को भैया दूज के अवसर पर ई-रिक्शा में केला, सेब समेत अन्य फल लादकर सिमरा मोड़ पर बेचने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में परचून का सामान लेकर जा रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनके ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया और उसमें रखे सभी फल सड़क पर बिखर गए। आसपास के पेड़ों पर बैठे बंदरों की नजर जैसे ही फलों पर पड़ी, वे झुंड में सड़क पर पहुंच गए और फलों पर झपट्टा मारने लगे। इससे कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे में ई-रिक्शा चालक मोहित की टांग टूट गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन घायल मोहित को रामपुर ले गए, जहां उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



हादसे के बाद लगी भीड़

भैया दूज पर बहनों ने भाइयों का तिलक कर की दीघार्यु की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मसवासी। क्षेत्र में भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को उपहार और नकदी भेंट कर स्नेह जताया।

मसवासी नगर समेत बिजारखाता, मोतीपुरा, खोद, मंसूरपुर, सीता रामपुर और रहमतगंज सहित आसपास के गांवों में भैया दूज की धूम रही। सुबह से ही पर्व को लेकर घरों में तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनें पूजा की थाली सजाकर भाइयों के घर पहुंचीं और विधि-विधान से तिलक कर मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए।पर्व के चलते सुबह से ही मुख्य मार्गों और चौराहों पर काफी चहल-पहल रही। बाजारों में भी लोगों की आवाजाही बनी रही। पूरे क्षेत्र में भाई-बहन के प्रेम और अटूट रिश्ते का प्रतीक भैया दूज का त्योहार मनाया गया।



भाई के टीका करती बहन

राधा माधव संकीर्तन मंडल ने गिरिराज महाराज का गुणगान एवं संकीर्तन आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ गिरिराज महाराज का गुणगान एवं संकीर्तन आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम श्री राधा-कृष्ण की युगल छवि के समक्ष गुरुजनों, हनुमान जी, प्रभु श्रीराम सहित अन्य देवी-देवताओं की स्तुति एवं वंदना की गई। इसके पश्चात श्री कृष्ण महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन हुआ।

कार्यक्रम में अष्टछाप के महान कवियों की भक्ति रस से ओतप्रोत वाणियों का गायन किया गया। इसके साथ ही अनेक मधुर भजनों के माध्यम से वृंदावन धाम की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। संकीर्तन के दौरान फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी, गिरिराज धरण हम तेरी शरण, हम हाथ उठाकर कहते हैं, हम हो गए राधा रानी के तथा मेरे गोवर्धन महाराज, तेरे माथे मुकुट विराज रहा जैसे भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, नवीन गुप्ता, राधा गुप्ता, आदित्य वर्मा, पिया वर्मा, अमिता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, नीलम सिंघल सहित अनेक भक्तों ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धाभाव से संकीर्तन में सहभागिता की।कार्यक्रम के समापन पर गिरिराज महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया।विधिवत आरती की गई। मंडल के अध्यक्ष आशीष जिंदल जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया।पूरा वातावरण राधे-राधे और गिरिराज महाराज के जय कारों से भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर डिक्की आनंद, गिरिराज सरन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, सुनील गुप्ता, पुष्पेंद्र अग्रवाल, हरीश डुडेजा, अनुपम गर्ग, नीरज अग्रवाल, अतुल गुप्ता, महेश सिंघल आदि उपस्थित रहे।



भजन गाते भक्त

घर में घुसकर दंपति की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

टांडा। कोतवाली टांडा क्षेत्र के मोहल्ला राहूपुरा निवासी तय्यब अली की पत्नी संजीदा ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 9 नवंबर की शाम करीब 6 बजे उनके घर में घुसकर कई लोगों ने उन्हें और उनके पति को पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

महिला के अनुसार वह घर पर खाना बना रही थीं।हाजी अनवार पुत्र असगर अली, मोहल्ला राहूपुरा अपने बेटे मु. जैद तथा दो भतीजों अलकमा पुत्र इरफान और अबूजर पुत्र हाजी इरशाद के साथ आए। उन्होंने तय्यब अली को पूछते हुए जबरन घर के अंदर घुसने की कोशिश की। जब संजीदा ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे लेकर गाली-गलौच के साथ तय्यब अली और संजीदा दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। कहना है कि घटना के बाद भी भय बना हुआ है। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि अल कमा पर सोना तस्करी से संबंधित मुकदमा पंजीकृत है तथा जैद पर भी संबंधित मामले दर्ज हैं।कोतवाली टांडा पुलिस ने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धूमधाम से मनाया गया भैया दूज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर। बुधवार को स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिन भर भाईयों-बहनों का घरों पर आना-जाना लगा रहा। भाई या बहन के घर जाने के लिए नगर के मुख्य चौराहे पर वाहनों के इंतजार में ढेरों सवारियां खड़ी दिखाई दीं।

दीपोत्सव के अंतिम दिन मनाए जाने वाले भैया दूज पर्व को लेकर सुबह से ही काफी उत्साह नजर आया। बहनों ने भाईयों के मस्तक पर तिलक लगाकर नारियल भेंट किया।आरती की और मुंह मीठा कराया।भाईयों ने भी अपनी बहनों को नेग व उपहार दिए।इस दौरान भाइयों-बहनों में खूब हंसी-ठिठोली हुई और यादें साझा भी की गईं।नगर के मुख्य चौराहे पर वाहनों के इंतजार में बड़ी संख्या में भाई-बहन खड़े दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि भीड़ के कारण बसों में सीट तक नहीं मिल पा रही है और खड़े होकर यात्रा करना पड़ रहा है।बड़ी संख्या में भाई-बहन दुपहिया वाहनों या फिर सवारी न मिलने पर डग्गामार वाहनों से भी जाते दिखे।पर्व के मद्देनजर बाजारों में मिष्ठान्न भंडारों पर मिठाई, किराना दुकानों पर नारियल और गिफ्ट सेंटरों पर उपहार खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। पुलिस प्रशासन ने बताया कि भैया दूज पर संवेदनशील व सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस तैनात की गई है और शांति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।



भाई के टीका करती बहन

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है भाई दूज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मिलक। भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक पावन पर्व भाई दूज बुधवार को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में उनका साथ निभाने का संकल्प लिया।

मिलक में प्रिंसी श्रीवास्तव ने अपने भाइयों चिराग श्रीवास्तव और दिव्यांश श्रीवास्तव के माथे पर विधि-विधान से तिलक लगाकर भाई दूज का पर्व मनाया।उन्होंने दोनों भाइयों के उज्ज्वल भविष्य,अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना करते हुए ईश्वर से उनके जीवन में सदैव खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। इस दौरान भाई-बहन के बीच प्रेम, अपनत्व और स्नेह का भाव देखने को मिला। भाई दूज के अवसर पर परिवार में भी उत्साह और खुशी का माहौल रहा।



भाई के टीका करती बहन

भारतीय संस्कृति में भाई दूज का विशेष महत्व है। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास, त्याग और समर्पण की भावना को और मजबूत बनाता है। यह त्योहार परिवार और रिश्तों की अहमियत के साथ एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारियों का भी एहसास कराता है।

गोवर्धन उत्सव

भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

गायवाला परिवार ने धूमधाम से मनाया गोवर्धन उत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। गायवाला परिवार द्वारा विगत 20 वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रीनाथजी एवं गोवर्धननाथ का उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु ठाकुर की भक्ति में सराबोर नजर आए।

उत्सव का शुभारंभ अंकित जी द्वारा गणेश वंदना एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया गया। इसके पश्चात वृंदावन से पधारे रसिक अमित जी ने "गोवर्धन नाथ, मैं तेरी सेवा में जिंदगी बिताऊँ" जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके मधुर भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।भजन संध्या में शोभित बंसल एवं रजत किशोर मेहरोत्रा, शुभम सक्सेना ने राधा नाम की मधुर धुन और संकीर्तन से ऐसा समाँ बाँधा कि श्रद्धालु स्वयं को थिरकने से नहीं रोक सके। पूरा वातावरण राधा नाम के जयकारों और गोवर्धन नाथ जी के भजनों से गुंजायमान हो उठा।



कार्यक्रम में भजन गाते भक्त

उत्सव का विशेष आकर्षण घर पर शुद्धता एवं सात्विकता के साथ तैयार किए गए 56 व्यंजनों का छप्पन भोग रहा। गायवाला परिवार के सदस्यों द्वारा प्रेम और श्रद्धा से तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का गोवर्धननाथजी को भोग अर्पित किया गया।इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया।गायवाला परिवार द्वारा पिछले 20 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा यह उत्सव भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन स्वरूप के प्रति अटूट श्रद्धा, सेवा और समर्पण का प्रतीक बन चुका है। आयोजन के माध्यम से परिवार द्वारा वैष्णव परंपरा, सात्विक भोग एवं सामूहिक भक्ति की भावना को जीवंत रखा जा रहा है।उत्सव का समापन गोवर्धननाथजी की आरती, जयकारों एवं प्रसाद वितरण के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय


प्रतिरोध पर उतरना ही एकमात्र रास्ता



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जब मूलभूत प्रश्न राजनीतिक दलों के लिए महत्त्वपूर्ण नहीं रहते और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं जन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं कर पातीं, तो जाहिर है, लोगों को प्रतिरोध पर उतरना ही एकमात्र रास्ता नजर आता है।

सड़कों पर उतरे असंतोष की चपेट में आने वाला सबसे नया देश इंडोनेशिया बना है। इससे पहले फ्रांस से लेकर अर्जेंटीना और इटली से लेकर ट्यूनिशिया तक में छात्र और युवाओं ने सड़कों पर उतर कर वहां मौजूद हालात पर अपना विरोध जताया है। इस सिलसिले में यह वाजिब राय बनी है कि दुनिया के अलग-अलग कोनों से जन प्रदर्शनों और आंदोलनों की आ रही तस्वीरें दरअसल एक बड़े वैश्विक संकट और बढ़ते जा रहे युवा असंतोष की ओर इशारा करती हैं। यूरोप के समृद्ध देशों में भी बढ़ती महंगाई शिक्षा के गिरते स्तर से असंतुष्ट नौजवान सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए हैं। लगभग हर जगह वे संस्थानों से निष्पक्षता, पारदर्शिता, और अपने लिए बेहतर भविष्य की मांग कर रहे हैं। फ्रांस में स्कूलों की खराब स्थिति, बेल्जियम, ग्रीस और अर्जेंटीना में उच्च शिक्षा बजट में कटौती, और स्पेन एवं पुर्तगाल में मकान किराये में बेलगाम बढ़ोतरी ने नौजवानों में गुस्सा भड़काया है। अल्बानिया में छात्रों ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है और शिक्षा सुधारों की मांग कर रहे हैं, जबकि ट्यूनिशिया में आर्थिक तंगी के साथ-साथ लोकतांत्रिक अधिकारों और सिकुड़ती गई स्वतंत्रताओं को लेकर गहरा आक्रोश है। इंडोनेशिया में महंगाई ने नौजवानों को सड़क पर आने के लिए विवश किया है। स्पष्ट है कि ये आंदोलन छिटपुट घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वर्तमान आर्थिक और संस्थागत ढांचों के प्रति नई पीढ़ी में गहराए अविश्वास का परिणाम हैं। नव-उदारवाद के दौर में दुनिया भर में शिक्षा के व्यापारीकरण हुआ है, वहीं मकान, बिजली, और रोजगार के अवसर आदि युवाओं की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। जब मूलभूत प्रश्न राजनीतिक दलों के लिए महत्त्वपूर्ण नहीं रह जाते और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं कर पातीं, तो जाहिर है, लोगों को प्रतिरोध पर उतरना ही एकमात्र रास्ता नजर आता है। अतः आंसू गैस, वॉटर कैनन, या धर-पकड़ जैसे बल प्रयोग से जन आक्रोश को दबाने का तरीका अस्थायी रूप से ही कारगर हो सकता है। सत्ताधारियों ने यह बात नहीं समझी, तो वे अधिक बड़ी उथल-पुथल को आमंत्रित करेंगे। और यह बात हर देश पर लागू होती है!



नोटबंदी के दस सालः डिजिटल क्रांति के बीच कायम नकदी का आकर्षण



डॉ. प्रियंका सौरभ

भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में 8 नवंबर 2016 की रात एक ऐसा निर्णय लिया गया, जिसने देश के आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को प्रचलन से बाहर करने की घोषणा केवल मुद्रा परिवर्तन नहीं थी, बल्कि इसे काले धन, नकली नोटों, भ्रष्टाचार और आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण पर प्रहार के रूप में प्रस्तुत किया गया था। उस समय प्रचलित मुद्रा के कुल मूल्य का लगभग 86 प्रतिशत हिस्सा इन दोनों नोटों में था। आज दस वर्ष बाद जब इस फैसले का मूल्यांकन किया जा रहा है, तब एक महत्वपूर्ण विरोधाभास सामने आता है। देश में डिजिटल भुगतान का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, लेकिन नकदी का प्रचलन भी लगातार बढ़ा है। यही विरोधाभास नोटबंदी की वास्तविक उपलब्धियों और सीमाओं को समझने की कुंजी है। नोटबंदी के बाद सामने आया सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में देखने को मिला। हालांकि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की शुरूआत अप्रैल 2016 में नोटबंदी से पहले ही हो चुकी थी, लेकिन नोटों की अचानक कमी ने लोगों को डिजिटल भुगतान के विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। मोबाइल वॉलेट, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और क्यूआर कोड आधारित भुगतान धीरे-धीरे आम जीवन का हिस्सा बन गए। वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई के माध्यम से लगभग 241 अरब से अधिक लेन-देन दर्ज किए गए। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी संचालकों, सेवा प्रदाताओं और आम उपभोक्ताओं के बीच इसकी स्वीकार्यता ने भारतीय भुगतान व्यवस्था में व्यापक बदलाव को दशार्या है। यह कहना उचित होगा कि नोटबंदी ने डिजिटल भुगतान को अपनाने की प्रक्रिया को गति प्रदान की। इस फैसले का एक अन्य परिणाम बैंकिंग व्यवस्था में जमा राशि की अस्थायी वृद्धि के रूप में सामने आया। पुराने नोट बैंकों में जमा होने से बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ी और वित्तीय संस्थाओं को असामान्य लेन-देन की पहचान करने के अवसर मिले। पहले बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रहने वाली कई नकदी जमाओं का विवरण उपलब्ध हुआ। इससे आयकर विभाग को संदिग्ध लेन-देन की जांच, कर चोरी की पहचान और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने में सहायता मिली। इसके अतिरिक्त पुराने मूल्यवर्ग के नकली नोट तत्काल अमान्य हो गए। इससे मौजूदा नकली मुद्रा नेटवर्क को झटका लगा। नोटबंदी ने बैंकिंग सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और वित्तीय जागरूकता के विस्तार को भी प्रोत्साहित किया।

हालांकि इन उपलब्धियों के बावजूद नोटबंदी के आर्थिक परिणाम कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करते हैं। सबसे बड़ा प्रश्न काले धन की वापसी और उसकी वास्तविक रोकथाम से जुड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, विमुद्रीकृत मुद्रा का लगभग 99.3 प्रतिशत हिस्सा वापस बैंकिंग प्रणाली में आ गया। लगभग 15.41 लाख करोड़ रुपये की अमान्य घोषित मुद्रा में से करीब 15.31 लाख करोड़ रुपये बैंकों में लौट आए। यह आंकड़ा उस अपेक्षा के विपरीत था, जिसके अनुसार बड़ी मात्रा में काला धन नकदी के रूप में होने के कारण स्वतः समाप्त हो जाएगा। यह जरूर है कि बैंक में जमा हुई पूरी राशि को वैध नहीं माना जा सकता, लेकिन इससे स्पष्ट हुआ कि नोटबंदी के माध्यम से स्थायी रूप से समाप्त हुई नकदी अपेक्षाकृत बहुत कम थी। इसका मूल कारण यह है कि काला धन केवल नकदी के रूप में नहीं रखा जाता। उसका बड़ा हिस्सा अचल संपत्ति, सोना, बेनामी संपत्तियों, विदेशों में जमा धन, फर्जी कंपनियों और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेशित रहता है। इसलिए केवल बड़े नोटों को प्रचलन से बाहर कर देना काले धन की पूरी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। इसके लिए कर व्यवस्था में पारदर्शिता, संपत्ति के लेन-देन की निगरानी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। नकदी पर निर्भरता का बने रहना भी नोटबंदी की सीमाओं को उजागर करता है। नवंबर 2016 के आसपास प्रचलन में मुद्रा लगभग 17.77 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि अक्टूबर 2026 तक यह बढ़कर लगभग 43.16 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि डिजिटल भुगतान के विस्तार के बावजूद नकदी भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण माध्यम बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे कारोबारियों, दैनिक मजदूरों और सीमित इंटरनेट सुविधा वाले लोगों के लिए नकदी आज भी आवश्यक है। इसका अर्थ यह नहीं कि डिजिटल भुगतान असफल रहा, बल्कि यह स्पष्ट करता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में नकदी और डिजिटल माध्यम दोनों की अपनी उपयोगिता है। नोटबंदी का सबसे गंभीर प्रभाव असंगठित क्षेत्र पर पड़ा। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी संचालकों, कृषि मजदूरों, निर्माण श्रमिकों और सूक्ष्म उद्यमों को अचानक नकदी की कमी का सामना करना पड़ा। अनेक कारोबारों की बिक्री घटी, उत्पादन प्रभावित हुआ और कुछ प्रतिष्ठानों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। दैनिक मजदूरी पर निर्भर लोगों की आय में कमी आई। ग्रामीण बाजारों में सामान्य आर्थिक गतिविधियां बाधित हुईं। देश की अर्थव्यवस्था में छोटे उद्यमों और असंगठित क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए यह व्यवधान केवल कुछ दिनों की समस्या नहीं था, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम सामने आए।

इसके अतिरिक्त नई मुद्रा में भी नकली नोटों की मौजूदगी सामने आई। इससे स्पष्ट हुआ कि नकली मुद्रा की समस्या केवल पुराने नोटों को अमान्य करने से समाप्त नहीं हो सकती। इसके लिए बेहतर सुरक्षा विशेषताओं, खुफिया तंत्र, सीमा निगरानी और प्रभावी कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है। इसी प्रकार अचानक लिए गए आर्थिक निर्णयों के कारण उपभोग, उत्पादन और अल्पकालिक आर्थिक विकास पर भी दबाव पड़ा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि काले धन के विरुद्ध लड़ाई को केवल नकदी तक सीमित न रखा जाए। कर चोरी रोकने के लिए तकनीक आधारित निगरानी, बेनामी संपत्तियों पर कार्रवाई, संपत्ति के लेन-देन में पारदर्शिता और विभिन्न जांच एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती इंटरनेट सुविधा, सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं, साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता सुनिश्चित करनी होगी। छोटे कारोबारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सरल कर व्यवस्था, आसान ऋण और कम अनुपालन बोझ के माध्यम से औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ना चाहिए। नोटबंदी के दस वर्ष बाद यह स्वीकार करना होगा कि इस फैसले ने भारत में डिजिटल भुगतान और बैंकिंग लेन-देन की पारदर्शिता को गति दी, लेकिन काले धन को समाप्त करने और नकदी पर निर्भरता घटाने के अपने व्यापक उद्देश्यों को पूरी तरह हासिल नहीं किया। इसका सबसे बड़ा सबक यही है कि आर्थिक बदलाव केवल मुद्रा की प्रकृति बदलने से नहीं आते। उनके लिए मजबूत संस्थाएं, जवाबदेह शासन, प्रभावी कर व्यवस्था, वित्तीय समावेशन और निरंतर सुधार आवश्यक हैं। भारत की डिजिटल क्रांति निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन उसकी वास्तविक सफलता केवल लेन-देन की संख्या से नहीं, बल्कि आर्थिक पारदर्शिता, सामाजिक समावेशन और आम नागरिक के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों से मापी जानी चाहिए।

(पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)

चेहरा कहता मौन॥

एक अकेला चल रहा, लेकर सत्य विचार।
झुंड बनाकर लोग भी, करते उस पर वार॥
कितना ऊँचा कद हुआ, जिसका इतना मान।
नीचा करने के लिए, जुटे कई इंसान॥
सिंह अकेला वन चले, गीदड़ चलते साथ।
शक्ति नहीं संख्या बड़ी, साहस सच्ची बात॥
जिसकी ऊँची सोच है, जिसका ऊँचा मान।
उसे गिराने में लगे, छोटे-छोटे प्राण॥
भीड़ हमेशा शोर से, करती अपना काम।
सच्चाई खामोश है, फिर भी ऊँचा नाम॥
पत्थर फेंके लोग जब, रखना धीरज साख।
ऊँचे पर्वत पर सदा, पड़ते पत्थर लाख॥
नीचा कहने से कभी, ऊँचा होता कौन।
दर्पण धूमिल कर दिया, चेहरा कहता मौन॥
सत्य अकेला ही सही, झूठे खड़े हजार।
अंत समय में सत्य की, होती जय-जयकार॥
अपनी राह न छोड़ना, चाहे आए बाध।
भीड़ देखकर मत बदल, अपने मन के साध॥
जो सम्मानित हो रहा, उससे जलते लोग।
दीपक की लौ देखकर, बढ़ता तम का रोग॥
झुंड बनाकर वार जो, करते बारंबार।
उनके मन में भय छिपा, बाहर दिखे प्रहार॥
जिसका मन मजबूत है, अडिग रहे विश्वास।
आँधी उसको क्या करे, जिसके जड़ में आस॥
खुद को ऊँचा कर चलो, मत गिराओ और।
सच्ची ऊँचाई वही, जहाँ प्रेम की डोर॥
लाख विरोधी सामने, मन में रख विश्वास।
सूरज को रोकें भला, कैसे ये आकाश॥
मौन रहो, कमजोर मत, समझे जग संसार।
शांत नदी के गर्भ में, बहती शक्ति अपार॥
जिसे झुकाना चाहते, झुकता नहीं महान।
भीड़ खड़ी हो सामने, अडिग रहे इंसान॥

डॉ.सत्यवान सौरभ




अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

रामायण से रकुल प्रीत की अनदेखी झलकियां, बोलीं-शूर्पणखा बनने में रोज लगते थे 4 घंटे



साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। नितेश तिवारी के निर्देशन और रणबीर कपूर के राम अवतार से सजी ये फिल्म वाल्मीकि के महाकाव्य और रामचरितमानस पर आधारित है। फिल्म में शूर्पणखा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अब इस यात्रा को लेकर एक बेहद भावुक नोट साझा किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर करते हुए फिल्म के निमार्ताओं का दिल से आभार व्यक्त किया है।

रकुल ने इंस्टाग्राम पर रामायण की शूटिंग के दौरान की अनदेखी तस्वीरें साझा की हैं।

तस्वीरों में वो सेट पर अपना मेकअप कराती और शूटिंग के लिए तैयार होती दिख रही हैं। एक भावुक पोस्ट लिखते हुए रकुल ने लिखा, ये मेरे लिए बेहद खास सफर रहा है। सदियों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही इस महान कहानी को इतने बड़े पैमाने पर पर्दे पर जीवंत होते देखना और इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट से जुड़ना उनके लिए गर्व का पल है।

रकुल ने पूरी कास्ट और क्रू का धन्यवाद करते हुए निमार्ता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी की जमकर सराहना की। उन्होंने लिखा कि इन दोनों महान फिल्मकारों ने एक बड़ा सपना देखा और उसे पर्दे पर सच कर दिखाया। भारत से इस महान कहानी को पूरी दुनिया के सामने इतने भव्य और असाधारण तरीके से पेश करने की उनकी मेहनत और इच्छाशक्ति ने पूरे सफर के दौरान सभी को गहराई से प्रेरित किया है।

राकुल ने अपनी मेकअप और कॉस्ट्यूम टीम की जमकर सराहना करते हुए बताया कि उन्हें शूर्पणखा के लुक में ढालने के लिए टीम हर दिन 4 घंटे तक कड़ी मेहनत करती थी। उन्होंने बताया कि आज इस लुक को मिल रही सभी तारीफों का असली हकदार उनकी टीम का हुनर ही है। इस प्रोजेक्ट के लिए आभार जताते हुए रकुल ने कहा कि ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐसा पल है, जो हर भारतीय को गर्व महसूस कराता है।

एक अच्छा मुसलमान और एक जिम्मेदार नागरिकः आस्था और देश के संविधान की मांग



डा.महताब अमरोहवी

क्या धर्म और आस्था केवल नमाज पढ़ने, रोजे रखने, धार्मिक अनुष्ठान करने और धार्मिक कर्तव्यों को पूरा करने तक ही सीमित है, या फिर इसे हमारे सामाजिक व्यवहार, आपसी रिश्तों और दूसरों की सेवा में भी झलकना चाहिए? आज, यह सवाल चिंतन और चर्चा के सबसे महत्वपूर्ण विषयों में से एक है।भारत जैसे विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक देश में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है, जहाँ अलग-अलग धर्मों, संस्कृतियों, भाषाओं और सामाजिक पृष्ठभूमियों के लोग एक साझा भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।इस्लामी दृष्टिकोण से, धर्म केवल एक व्यक्ति और ईश्वर के बीच के संबंध तक सीमित नहीं है। यह एक नैतिक प्रतिबद्धता भी है जो इंसान के चरित्र को गढ़ती है, दूसरों के साथ उसके व्यवहार को तय करती है और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करती है। इसलिए, एक अच्छे मुसलमान को ईमानदार होना चाहिए, एक दयालु पड़ोसी, एक सच्चा और ईमानदार पेशेवर, कानून का पालन करने वाला नागरिक और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने वाला व्यक्ति होना चाहिए। धार्मिक प्रतिबद्धता और नागरिक ज़िम्मेदारी एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं; बल्कि, अगर इन्हें सही ढंग से समझा जाए, तो ये एक-दूसरे को मजबूत करते हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं।कुरआन इंसान को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराता है और बार-बार निर्देश देता है कि वे न्याय कायम रखें, अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करें और ईमानदारी के साथ अपना जीवन जिएं।अल्लाह तआला फरमाता हैः "निस्संदेह, अल्लाह तुम्हें आदेश देता है कि अमानतों को उनके हकदारों तक पहुँचाओ और जब लोगों के बीच फैसला करो, तो न्याय के साथ फैसला करो।"

(कुरआन 4:58) आगे कहा गया हैः "निस्संदेह, अल्लाह न्याय, भलाई और रिश्तेदारों को (उनका हक) देने का आदेश देता है, और वह अश्लीलता, बुराई और जुल्म से रोकता है।" (कुरआन 16:90)यह व्यापक शिक्षाएं व्यक्तिगत आचरण और सामूहिक जीवन, दोनों के लिए एक नैतिक आधार प्रदान करती हैं। पैगंबर मुहम्मद (सल्ल.) ने अपने स्वयं के आचरण के माध्यम से इन सिद्धांतों को प्रस्तुत किया।उनका जीवन व्यापार में ईमानदारी, कमजोरों के प्रति दया, किए गए वादों को पूरा करने, पड़ोसियों के अधिकारों का सम्मान करने और न्याय व निष्पक्षता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बेहतरीन उदाहरण पेश करता है। उन्होंने सिखाया कि आस्था को व्यक्ति के चरित्र और व्यावहारिक आचरण में झलकना चाहिए।ईमानदारी, सच्चाई और अधिकारों का सम्मानः एक अच्छे मुसलमान और एक ज़िम्मेदार नागरिक का चरित्र मूल रूप से ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर टिका होता है। सच बोलना, विश्वास बनाए रखना, वादे पूरे करना, समझौतों का सम्मान करना और दूसरों के अधिकारों का आदर करना—इस्लाम में ये केवल ऐच्छिक गुण नहीं हैं; बल्कि ये इसके नैतिक ढांचे और बुनियादी शिक्षाओं के अनिवार्य अंग हैं। पवित्र कुरआन ईमान वालों को निर्देश देता हैः "हे ईमान वालों! अल्लाह के लिए गवाह बनकर न्याय पर मजबूती से कायम रहो, भले ही वह "अपने स्वयं के, अपने माता-पिता के, या अपने रिश्तेदारों के विरुद्ध (गवाही देने से न हिचकिचाएं)।" (कुरआन 4:135) यह निर्देश उस प्रवृत्ति को खारिज करता है जो सत्य से ऊपर व्यक्तिगत हितों, पारिवारिक निष्ठाओं, समूह से जुड़ाव या राजनीतिक प्राथमिकताओं को रखती है। न्याय के प्रति समर्पित व्यक्ति किसी ऐसे व्यक्ति का समर्थन नहीं करता जिसने गलत काम किया हो, केवल इसलिए कि वह व्यक्ति उसके अपने समुदाय का है।

इसी तरह, एक जिम्मेदार नागरिक झूठ को केवल इसलिए स्वीकार नहीं करता क्योंकि उसे किसी ऐसे राजनीतिक दल या सामाजिक समूह द्वारा फैलाया जा रहा है जिससे वह जुड़ा हुआ है। मानवाधिकारों का सम्मान इस्लामी सिद्धांतों और नैतिकता का एक और मूलभूत पहलू है। कुरआन कहता हैः "और हमने निश्चित रूप से आदम की संतानों को सम्मान प्रदान किया है।" (कुरआन 17:70) मानवीय गरिमा किसी विशेष नस्ल, राष्ट्रीयता या सामाजिक वर्ग तक सीमित नहीं है। यह सिद्धांत मानव जीवन का सम्मान करने, कमजोर लोगों की रक्षा करने और अपमान, शोषण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार का विरोध करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। एक अच्छा मुसलमान तब उदासीन या चुप नहीं रह सकता जब गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है, श्रमिकों का शोषण होता है, महिलाओं के साथ अन्याय होता है, बच्चों को शिक्षा से दूर रखा जाता है, या किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव किया जाता है। जरूरतमंदों के प्रति करुणा केवल कभी-कभार किए जाने वाले दान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसके बजाय, इसे उनकी परिस्थितियों को सुधारने और यह सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों में बदलना चाहिए कि उन्हें उनके उचित अधिकार मिलें।

व्यक्तिगत सदाचार से सामाजिक सेवा तकः धार्मिक प्रतिबद्धता का सामाजिक महत्व तब और बढ़ जाता है जब यह व्यक्तियों को दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती है। प्रार्थना, उपवास, दान और पूजा के अन्य रूप अनुशासन, विनम्रता, आत्म-संयम और करुणा को विकसित करते हैं। ये गुण किसी व्यक्ति के कार्यस्थल, व्यावसायिक लेन-देन, सार्वजनिक संस्थानों और पड़ोस में उसके आचरण में भी झलकने चाहिए। यदि धार्मिक प्रथाओं का ऐसा प्रभाव नहीं पड़ता है, तो निश्चित रूप से आत्म-चिंतन और सुधार की गुंजाइश है। कुरआन कहता हैः "नेकी और परहेजगारी के कामों में एक-दूसरे का सहयोग करें, लेकिन पाप और अत्याचार के कामों में सहयोग न करें।" (कुरआन 5:2) यह सिद्धांत शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, आपदा राहत और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों और संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है।संविधान और कानून का शासनः एक संवैधानिक लोकतंत्र में, जिम्मेदार नागरिकता के लिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति..देश का संवैधानिक ढांचा, कानून, संस्थाएं और नागरिक कर्तव्य। नागरिकों को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए, उन्हें सरकारी अधिकार की सीमाओं को समझना चाहिए, और अपने हितों की रक्षा करने तथा अपनी शिकायतों के समाधान के लिए कानूनी और लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाना चाहिए।

गुरुवार का राशिफल

मेष सर में भारीपन, बीपी बढ़ना हो सकता है, नमक कम ले, पत्नी को नौकरी में समस्या आ सकती हैं, सहयोग करे, छोटी छोटी बातों को ज्यादा बड़ा ना बनाए। भाग्य 50%

वृषभ व्यवसाय पार्टनर शिप में है तो विवाद या विचार ना मिलना हो सकता है, मनपसंद विवाह करना चाहते हैं तो उसमें परेशानी होगी, टल भी सकता है, ड्राइविंग ठीक से करे। भाग्य 49%

मिथुन बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान रहेंगे, कमर्शियल प्रोपर्टी में समस्या आ सकती हैं, कोई कोर्स कर रहे हैं लगेगा गलत चुनाव किया है, मिर्च, मसाले, बाहर का खाना कम करें। भाग्य 49%

कर्क दुविधाएं बढ़ेगी,पैसे को लेकर खर्चे बढ़ेंगे आमदनी कम होगी,करियर में ठीक से ध्यान नहीं दे सकेंगे,पिता से बातचीत परेशानी कहेंगे। भाग्य 49%

सिंह मन नहीं लग सकेगा, वाहन के कागज रखें बाहर जा रहे हैं, चालान सम्भव हैं, मकान बनाने में परेशानी आ सकती है, मीठे का सेवन अधिक ना करें। भाग्य 50%

कन्या कभी लगेगा काम हो गया कभी मायूस रहेंगे,उत्तेजना भी बढ़ेगी, किसी गैर व्यक्ति से ज्यादा नजदीकी ना करें, सम्मान पर बात आ सकती है, यात्रा में परेशानी होगी। भाग्य 51%

तुला गलत कार्यो की तरफ प्रवृत्ति बढ़ेगी, चरित्र को सम्भाले,पैसा सोच समझकर दे,अचानक बढ़ा खर्चा सम्भालना मुश्कि ल होगा,क्रोध पर काबु रखे। भाग्य 50%

वृश्चिक बड़े लोगों से लाभ नहीं मिलेगा,किसी जगह उचित सम्मान नहीं मिलेगा, सेहत का ध्यान रखें, व्यक्तित्त्व सुख में बाधा पड़ सकती हैं। भाग्य 48%

धनु परेशानी बढ़ेगी, सलाह ले सकते हैं,किसी से मिलकर बिछड़ना मुश्किल होगा, करियर में ब्रेक लग सकता है,सौंदर्य सम्बन्धित व्यवसाय चलेगा। भाग्य 52%

मकर खुद की तरक्की से खुश नहीं होंगे,असानी से इच्छा पूरी नहीं होगी,भविष्य को लेकर ज्यादा विचार करेंगे, मेहनत का परीणाम नहीं मिलेगा। भाग्य 47%

कुंभ पैसा गलत जगह खर्च हो सकता है, व्यसनों पर अंकुश लगाए, परिवार में कोई मांगलिक कार्य की तारीख तय हो सकती है, किसी से बहस ना करें। भाग्य 53%

मीन उच्च शिक्षा का लाभ नहीं मिलेगा,सब कुछ रुका हुआ लगेगा, दिनचर्या तय नहीं कर सकेंगे, मन भटकता रहेगा,प्रेम लगाव की इच्छा बढ़ेगी। भाग्य 46%



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

हज की दूसरी किस्त 30 नवम्बर तक जमा करें : तकी अशरफ एडवोकेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सम्भल । हज 2027 पर जाने वाले लोगों की दूसरी किस्त जमा करने की तारीख आ गयी है, जो लोग हज करने जा रहे हैं वो लोग अपनी दूसरी किस्त 30 नवम्बर तक हर हाल में जमा कर दें। एक आदमी के एक लाख पच्चीस हजार(125000) रुपए जमा करने हैं, अगर दो लोग हैं तो 250,000 तीन हैं तो 375000 चार हैं तो 5,00,000 और आखिर में अगर पाँच लोग हैं तो 625000 जमा करने हैं।



सभी लोग अपनी दूसरी किस्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक दोनों में से किसी भी एक बैंक में जाकर कैश में जमा कर सकते हैं, कैश में जमा करने के लिए हज कमेटी की वेबसाइट से पैसे जमा करने वाला फॉर्म निकलवाकर उसको सही से भरवाकर ले जाएँ, बैंक में कोई भी डिपॉजिट स्लिप नहीं मिलेगी, इसके अलावा ऑनलाइन पेमेन्ट करने का ऑप्शन भी है, ऑनलाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, NEFT के जरिये कर सकते हैं।

हज की किस्त बैंक में जाकर खुद अपने हाथ से हज कमेटी के खाते में जमा करें, किसी दूसरे के हाथ में अपनी रकम ना दें।

किसी भी तरह की परेशानी हो या कुछ मालूम करना हो तो हज कमेटी द्वारा गठित हज ई सुविधा केन्द्र मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी सम्भल में हज ट्रेनर कारी वसी अशरफ, अब्दुल खालिक, हाजी नदीम, मुहम्मद अहमद रजा, तकी अशरफ एडवोकेट से राब्ता कर सकते हैं।

भाई की दीघार्यु की प्रार्थना का प्रतीक है भाई दूज: अजय शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहजोई(संभल)। हिंदू जागृति मंच की ऑनलाइन बैठक में भाई दूज पर्व को भाई की दीघार्यु की प्रार्थना का पर्व बताया गया। ऑनलाइन बैठक में हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संसार में भाई-बहन का रिश्ता अत्यंत पवित्र है, बहन अपने भाई के साथ स्वयं को सर्वाधिक सुरक्षित और सम्मानित महसूस करती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को बहन के दाएं हाथ के अंगूठे में अमृत का वास होता है। भाई दूज पर जब यही अमृत रूपी अंगूठा भाई के मस्तक को तिलक करते हुए स्पर्श करता है, तब भाई की आयु, विद्या, यश और बल में वृद्धि होती है।





उन्होंने बताया कि इस तिथि को यम द्वितीया इसलिए कहते हैं क्योंकि इस दिन भाई-बहन एक साथ यमुना नदी में स्नान करें तो अगले जन्म में भी भाई-बहन ही बनते हैं। भाई दूज पर बहन-भाई का एक साथ यमुना स्नान यमराज के भय से निडर कर देता है। यमुना जैसा ही पुण्य संभल के यम तीर्थ के दर्शन-पूजन से प्राप्त होता है। इसलिए जो भाई-बहन संभल के 68 तीर्थों में से एक यम तीर्थ का एक साथ दर्शन, पूजन, स्नान, स्पर्श आदि करते हैं, उन्हें यमुना स्नान जैसा फल प्राप्त होता है। मुरादाबाद, बिलारी, बदायूं, बरेली, अमरोहा, मेरठ आदि से जुड़े हिंदू जागृति मंच के कार्यकताओं ने भाई दूज पर्व का महत्व सुन-समझकर संभल के यम तीर्थ के महत्व का प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया। बताया गया कि भाई दूज पर यम तीर्थ पर संभल की फेरी, पूजन, सामूहिक आरती, सत्संग और कीर्तन की परंपरा कालांतर से चली आ रही है। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा की बहन मिथिलेश शर्मा, सर्वेश शर्मा, प्रवेश शर्मा एवं मीनू रस्तोगी ने अजय शर्मा की धर्मपत्नी सुमन शर्मा, उनके बेटे आदित्य शर्मा, ऋति आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा । जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने जनपद में विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मोहरका पट्टी में बनाए गए बूथ संख्या 209, 210 एवं 211 का निरीक्षण किया। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय कुमराला बहादुरपुर पहुंचकर बूथ संख्या 199 एवं 200 की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दोनों मतदान केंद्रों पर शौचालय, पेयजल की उपलब्धता, प्रवेश एवं निकास द्वार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं, ताकि मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही मतदान केंद्रों पर स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जय।



मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद अमरोहा प्रदेश के टॉप तीन जिलों में शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)। पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के कुशल नेतृत्व में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित सी एम - डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था से सम्बन्धित मानकों पर आधारित रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में जनपद अमरोहा को माह-अक्टूबर 2026 में प्रदेश भर की रैंकिंग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस विभाग के कार्यों की परफॉर्मेंस के आधार पर प्रदेश स्तर पर प्रत्येक माह जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है । मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में माह- अक्टूबर 2026 में प्रदेश स्तर पर जारी की गई रैंकिंग में अमरोहा पुलिस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है । पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव, द्वारा सीएम डैशबोर्ड सम्बन्धित कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए सभी संबंधित को लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं ।



सी एम -डैशबोर्ड अन्तर्गत पुलिस विभाग की विभिन्न पोर्टलों की प्रचलित सेवाओं मे किये गये कार्य प्रदर्शन की समीक्षा कर रैंकिंग की जाती है। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार के सी एम -डैशबोर्ड पर विभिन्न सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा समीक्षा कर सी एम -डैशबोर्ड पोर्टल पर आ रही कमियों को दूर किया गया तथा विभिन्न पोर्टलों पर समयबद्ध कार्यों हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीगण, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया गया । शासन के मंशानुरूप इस कठिन परिश्रम, अथक प्रयास से विभिन्न पोर्टलों पर प्रचलित सेवाओं में जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्ण मनोयोग से गुणवत्तापूर्ण कार्य किया गया जिसके फलस्वरूप जनपदीय पुलिस को प्रदेश स्तर की रैंकिंग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है ।माह- अक्टूबर में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश के परियोजनाओं में एससी/एसटी एक्ट में कार्यवाही, गैंगस्टर एक्ट में अपराधियों की गिरफ्तारी, गुंडा एक्ट की कार्यवाही, पॉक्सो एक्ट की कार्यवाही, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गौवध निवारण अधिनियम, शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व महिला सम्बन्धी अपराधों में कार्यवाही तथा सत्यापन सम्बन्धी कार्यवाही, चरित्र प्रमाण पत्र आदि की कार्यवाही प्रदेश स्तर पर जनपद अमरोहा की सर्वाधिक(शत-प्रतिशत) रही है पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अमरोहा पुलिस आगे भी प्रत्येक क्षेत्र में इसी तरह से निरंतर कार्य करती रहेगी तथा नागरिक सुरक्षा एवं अपराध/भय मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ।

मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल। भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री,महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान और देश के अमूल्य रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती आज जिला कांग्रेस कार्यालय, चंदौसी रोड,संभल पर बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई कार्यक्रम की शुरूआत मौलाना आजाद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके की गई। इसके बाद उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके जीवन, उनके विचारों और देश के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आरिफ तुर्की ने मौलाना आजाद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि वे ज्ञान, एकता और इंसानियत के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि बहुत कम उम्र में ही उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में भाग लेना शुरू कर दिया था और अपनी कलम, अपनी जुबान और अपने विचारों से लोगों को जगाया जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि मौलाना आजाद ने हमेशा हिंदू-मुस्लिम एकता की बात की। उनका मानना था कि भारत तभी मजबूत होगा,जब यहां रहने वाले सभी धर्मों के लोग एक साथ मिलकर चलेंगे। उन्होंने शिक्षा को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया आजादी के बाद जब वे देश के पहले शिक्षा मंत्री बने, तो उन्होंने स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया, ताकि देश का हर बच्चा पढ़-लिखकर आगे बढ़ सके उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद का



जीवन आज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने सादगी, सच्चाई और देशभक्ति के साथ जीवन बिताया। हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर शिक्षा, भाईचारे और देश की एकता को मजबूत करना चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी मौलाना आजाद के विचारों पर रोशनी डाली।

वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आजाद ने आजादी की लड़ाई में कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। वे कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे और उन्होंने देश को एकजुट रखने के लिए हमेशा प्रयास किया आरिफ खान तनवीर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक ने कहा कि आज जब समाज में नफरत और भेदभाव बढ़ रहा है, तब मौलाना आजाद के विचार और भी ज्यादा जरूरी हो जाते हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे मौलाना आजाद के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं और शिक्षा के महत्व को समझाएं कार्यक्रम में काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मौलाना आजाद को श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता और भाईचारे के संदेश के साथ हुआ।इस अवसर पर सलमान तुर्की, फुरकान कुरैशी,तहसीन मल्ला जी ,अंजार मंसूरी,सलाउद्दीन सैफी, राशिद सैफी, राहत जान खा,टबन खान,नन्ने,इरशाद नेता, मुशर्रफ अली, अंजार, जीशान, नोमान हैदर,मुजीब,जमाल,बिलाल,अदनान, आदि मौजूद रहे।

संभल में मौलाना आजाद की जयंती पर मनाया शिक्षा दिवस, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सम्भल । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तत्वावधान में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर शिक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन शहर कांग्रेस कार्यालय, आलम सराय पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नसीम कुरैशी उपस्थित रहे। अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने की, जबकि संचालन पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने किया। कार्यक्रम के संयोजक हाजी शफी रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नसीम कुरैशी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर चिंतक और दूरदर्शी शिक्षाविद् थे।

उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी, सामाजिक एकता और शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी देश के लिए प्रासंगिक हैं शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि मौलाना आजाद का मानना था कि शिक्षा ही किसी भी समाज और राष्ट्र की तरक्की का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए शिक्षा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए डॉक्टर अमित कुमार उठवाल ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सही और गलत में अंतर करने की समझ देती है।

मौलाना आजाद ने जिस शिक्षित और विकसित भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना आवश्यक है दानिश कुरैशी ने कहा कि मौलाना आजाद ने अपनी विद्वता और दूरदर्शिता से देश को नई दिशा दी। उनका जीवन हमें जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है सफदर अब्बास एडवोकेट ने कहा कि मौलाना आजाद का व्यक्तित्व भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों, धार्मिक सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता को भी मजबूत करने का कार्य किया मोहम्मद इरफान खान,अकरम सुल्तान, मोहम्मद मुअज्जम खान और डॉक्टर मरगूब खान ने भी मौलाना आजाद के जीवन, विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए इस अवसर पर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें मिशन इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जेड यू इंटर कॉलेज, एमएसवाई इंटर कॉलेज, जन्नत निशा स्कूल,अल कदीर इंटर कॉलेज तथा जमजम एकेडमी के वे विद्यार्थी शामिल रहे,जिन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है कार्यक्रम में मोहम्मद सुहानी, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद जीशान सिद्दीकी, बब्बू खान, फिरासत हुसैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सिरसी में अय्याम-ए-अजा-ए-फातमिया के अवसर पर खमसे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सिरसी। नगर के मोहल्ला शर्की स्थित इमामबाड़ा मोहल्ला सादात में अय्याम-ए-अजा-ए-फातमिया के अवसर पर खमसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की पहली मजलिस को मौलाना मोहम्मद असकरी साहब ने खिताब किया।

मौलाना मोहम्मद असकरी ने अपनी तकरीर में जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) की सीरत, उनके किरदार, कुर्बानियों और इस्लाम में उनके बुलंद मकाम पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की ज़िंदगी पूरी इंसानियत के लिए सब्र, त्याग, हक और सच्चाई का बेहतरीन नमूना है।मजलिस के दौरान जनाब वकार मेहंदी सिरसवी ने मर्सियाख़्वानी की, जबकि अंजुमन-ए-जुल्फिकार-ए-हैदरी ने पुरदर्द अंदाज में नौहाख़्वानी कर माहौल को गमगीन कर दिया कार्यक्रम का आयोजन मिनजानिब मोमिनीन मोहल्ला सादात किया गया। मजलिस में अकीदतमंदों ने शिरकत कर जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।



भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक बना भाई दूज, बहनों ने भाइयों का तिलक कर की लंबी उम्र की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। नगर में बुधवार को भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की रौनक दिखाई दी। बहनों ने पूजा-अर्चना के बाद अपने भाइयों के माथे पर रोली और अक्षत से तिलक किया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और सम्मान का संकल्प दोहराया। भाई दूज के अवसर पर भाई-बहनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। दूर-दराज रहने वाले भाई भी इस पर्व पर अपनी बहनों से मिलने पहुंचे।

घरों में उत्साह के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व, भाइयों ने बहनों को उपहार देकर निभाया स्नेह का रिश्ता



घरों में पकवान और मिठाइयां बनाई गईं। बहनों ने विधि-विधान से पूजा कर भाई के सुखद जीवन की कामना की। पूरे दिन एक-दूसरे के घर आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक बनकर खुशियां बांटता नजर आया।

समीक्षा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तिगरी मेला की तैयारियों की लखनऊ में की उच्चस्तरीय समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आगामी 15 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले तिगरी मेला की तैयारियों की आज लखनऊ में अधिकारीयों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वेस्टर्न यूपी का मिनी कुम्भ' यह मेला श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक बनेगा। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम यातायात और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं।

मुख्यमंत्री ने गृह, लोक निर्माण, परिवहन, सिंचाई, नगर विकास, ऊर्जा, पंचायती राज, स्वास्थ्य समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को मेला प्रारंभ होने से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि घाटों पर स्नान के लिए पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। नदी को आवश्यकतानुसार चैनलाइज किया जाए और हर घाट पर जल की उपलब्धता रहे। पर्याप्त स्वच्छता कर्मियों की तैनाती हो। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कतई न हो। मेले में सीएचसी स्तर के अस्थायी हॉस्पिटल बनाए जाएं। पर्याप्त मैनपावर, एंबुलेंस समेत सभी आवश्यक



सुविधाएं उपलब्ध रहें। विद्युत की नियमित आपूर्ति व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें दोनों तरफ तैनात करने के निर्देश दिए। मेले से पहले एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी स्तर के अधिकारी पुलिस बल की काउंसिलिंग कर लें।पब्लिक एड्रेस सिस्टम, वॉच टावर,फायर टेंडर,सीसीटीवी, यातायात एवं पार्किंग प्रबंधन, डायवर्जन आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। फायर टेंडर अलर्ट मोड पर रहें और कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहे।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मेले में खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को मंच दिया जाए। आस्था के विपरीत कोई भी कार्यक्रम न हो। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाए। मेले के कमांड एरिया में शराब व नशे की वस्तुओं की बिक्री कतई न हो और न ही आस्था के विपरीत कोई आचरण हो। विशेष रूप से मेले में बच्चों की स्लोगन, भाषण, वाद-विवाद, निबंध आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएं।मेले को व्यवस्थित और इतिहासिक बनाना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है इस लिए सभी विभाग पूरी ततपरता से कार्य करें।

मारपीट के बाद फावड़े से जानलेवा हमला,दो गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। जारचा पुलिस ने मारपीट और फावड़े से जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल

जारचा पुलिस ने छांयसा गांव के रहने वाले दोनों भाइयों को पकड़ा, हमले में इस्तेमाल फावड़ा बरामद

किया गया एक फावड़ा भी बरामद किया है।
पुलिस के अनुसार 9 नवंबर को पीड़ित ने शिकायत दी थी कि प्रमोद और मनोज ने उसके, उसके पिता और भाइयों के साथ गाली-गलौज की थी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और



जान से मारने की नीयत से फावड़े से हमला कर दिया। इसमें पीड़ित और उसके परिजन घायल हो गए थे। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायत के आधार पर जारचा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस ने 10 नवंबर को ग्राम दयानगर की ओर जाने वाले रास्ते से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रमोद उम्र 45 वर्ष और मनोज उम्र 50 वर्ष, निवासी गांव छांयसा, थाना जारचा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल एक फावड़ा बरामद किया है।

भैया दूज: भाई को तिलक लगाकर गोला किया भेंट, लंबी आयु की कामना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर । दीपोत्सव के अंतिम दिन भैया दूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई का तिलक कर गोला आदि भेंट किया और उनकी लंबी आयु की कामना की। इस त्योहार को भाई-बहन के बीच प्रेम से भरे पर्व की संज्ञा दी जाती है। इस दिन बहन अपने भाई के लिए कामनाएं करती हैं।
भैया दूज के बारे में पुराने समय से अनेक कथाएं प्रचलित हैं। इसमें यम

नगर से देहात तक धूमधाम से मनाया गया भैया दूज, बहनों ने दिखाया प्यार तो भाइयों ने दिए उपहार

और यमुना की कहानी आती है। इस दौरान बहनों ने भाइयों के लिए ऐश्वर्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए मस्तक पर मंगल तिलक किया, उन्हें भोजन कराकर प्रेम का इजहार किया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर अपने भ्रातृ प्रेम को प्रदर्शित किया।
यातायात के साधन सुलभ न होने के कारण भाइयों को बहनों के घर पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बसों में भारी भीड़ और उपलब्धता की कमी रहने के कारण भाई वैकल्पिक साधनों से बहनों के घर पहुंचे। नगर में जगह-जगह लगने वाली खील-बताशे और मिठाई की दुकानों पर भारी भीड़ रही। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ नगर में गश्त करते रहे। भैया दूज को यम द्वितीया भी कहा जाता है। मान्यता है कि सूर्य देव की पत्नी छाया की कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बार-



बार निवेदन करती थी कि वह उसके घर आकर भोजन करें, लेकिन यमराज व्यस्त रहने के कारण बात को टाल जाते थे। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना अपने द्वार पर अचानक यमराज को खड़ा देखकर हर्ष विभोर हो गई। प्रसन्नचित्त हो भाई का स्वागत-सत्कार किया तथा भोजन करवाया। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने बहन से वर मांगने को कहा, तब बहन ने भाई से कहा कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे यहां भोजन करने आया करेंगे तथा इस दिन जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन खिलाए, उसे आपका डर न रहे। यमराज ने यमुना की बात मानते हुए तथास्तु कहकर यमपुरी चले गए।
ऐसी मान्यता है कि जो भाई आज के दिन यमुना में स्नान करके पूरी श्रद्धा से बहनों का सत्कार करते हैं, उन्हें तथा अपनी बहन को यम का भय नहीं रहता। विद्वानों का कहना है कि भैया दूज पर विवाहित महिलाओं को तो भाई का टीका करना ही चाहिए, अविवाहित लड़कियों को भी भाई का टीका कर एक साथ बैठकर भोजन करना चाहिए। ऐसा करना अत्यंत कल्याणकारी होता है। उधर बाजार में गोला और मिठाई खरीदने वालों की भीड़ लगी रही।

दुकानों पर खूब बिका गोला और मिठाई

पर्व के चलते मिठाई विक्रेताओं ने सड़कों पर बड़े-बड़े स्टॉल लगा रखे थे। त्योहार के चलते मिठाई विक्रेताओं की चांदी रही। वहीं नामचीन कंपनियों के गिफ्ट की बिक्री भी खूब हुई।

घंटों बसों का किया इंतजार, जान जोखिम में डालकर कर रहे लोग सफर

दीपावली के बाद भैया दूज के मौके पर बहनें अपने मायके जाने के लिए घरों से निकल पड़ीं। कोई दोपहिया वाहन से तो कोई कार या अन्य साधन से निकली। भाइयों के घर पहुंचने के लिए वाहनों की तलाश में बहनों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हर रूट पर वाहनों का टोटा नजर आया। अधिकांश रूटों पर रोडवेज बसों की कमी के चलते खचाखच यात्रियों से भरे डग्गामार वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन डग्गामार वाहनों का आलम यह है कि वाहन के अंदर तो भूसे की तरह ठूंस-ठूंस कर यात्रियों को भरा ही जा रहा है, साथ ही प्राइवेट बसों व छोटे वाहनों के पायदान और खिड़कियों पर भी यात्रियों को लटकाकर रिस्की सफर कराया जा रहा है। दीपावली पर घर पहुंचे लोगों का भी अपने-अपने कामकाज के लिए वापस होने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह से ही बसों में भारी भीड़ के बावजूद पर्व के अवसर पर आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौलाना आजाद के विचार आज भी प्रासंगिक : जियाउर्रहमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट जियाउर्रहमान ने की। कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
इस दौरान जियाउर्रहमान ने कहा कि मौलाना आजाद का स्वतंत्रता संग्राम, शिक्षा के विस्तार और राष्ट्रीय एकता में योगदान अविस्मरणीय है। उनके विचार आज भी शिक्षा, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं।
कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



सचिन वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर रवि वर्मा, साजिद गाजी, नईम मंसूरी, मुकेश रजक, विष्णु शर्मा, सादिक सैफी, मनीष चतुर्वेदी, साहिल खान, लुकमान चौहान सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

भाईदूज पर लगा वाहनों का भारी जमावड़ा, पुलिस ने मौके पर तैनात रहकर कड़ी मशक्कत कर कराया यातायात सुचारू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

औरंगाबाद/बुलंदशहर । भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भाईदूज पर्व धूमधाम से मनाया गया। भाई दूज पर बड़ी संख्या में बहिनों ने अपने भाईयों के यहां पहुंच कर भाईयों को तिलक लगाकर दौज भैट की। भाईयों ने अपनी बहिनों का आदर-सत्कार कर नेग देकर सम्मानित किया।
भाई दूज पर वाहनों का भारी जमावड़ा लगा। पुलिस उप निरीक्षक सचिन कुमार चाहर,उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल सुमित कुमार, प्रशांत,व महिला आरक्षी नैन्सी एवं करिश्मा ने जहांगीराबाद चौराहे पर तैनात रहकर कड़ी मशक्कत करते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखी। थाना प्रभारी सुखवीर सिंह ने बुलंदशहर स्याना गढ़ स्टेट हाइवे पर यातायात सुचारू बनाए रखने हेतु भारी



संख्या में पुलिस बल तैनात किया और निरंतर गश्त करते हुए यातायात सुचारू बनाए रखने में कामयाबी हासिल की।

मोहल्ला लोधान में निकली महाकाली की भव्य शोभायात्रा, महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहांगीराबाद। नगर के मोहल्ला लोधान , वार्ड नंबर-5 में महाकाली की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुविन भारद्वाज रहे। इस

मुख्य अतिथि डॉ.सुविन भारद्वाज ने कहा–धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे और एकता को देते हैं बढ़ावा

अवसर पर महाकाली की भव्य महाआरती का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।
मुख्य अतिथि डॉ. सुविन भारद्वाज ने कहा कि महाकाली का यह आयोजन हमारी धार्मिक आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। इस प्रकार के धार्मिक



आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना मजबूत होती है। ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
शोभायात्रा मोहल्ला लोधान रविदत्त शर्मा के आवास से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई पंडित रविदत्त शर्मा के आवास पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान आकर्षक डीजे, मनमोहक झांकियों और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से छोटे-छोटे बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा का आनंद लिया। कार्यक्रम में विपिन कुमार, अमित गोयल पत्रकार,कमल कोली, अक्षय शर्मा, भरत कुमार, राजेश, संजू, राजेंद्र, ललित गोयल, राहुल तस्बीर वाले, प्रेम चंद प्रेम,ललित शर्मा एवं पत्रकार मनोज ओझा का विशेष सहयोग रहा। शोभायात्रा के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद रही। क्षेत्राधिकारी अनूपशहर शशांक श्रीवास्तव ने भी मौके पर पहुंचकर शोभायात्रा का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
महाकाली के जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।


महिला ने घर के बाहर खड़े व्यक्ति को मना करने पर महिला छुरी से बाल बाल बची, पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

स्याना (वसीम खॉन)। थाना क्षेत्र के ग्राम धनियावली में पीड़ित महिला के घर के बाहर खड़े व्यक्ति को मना करने पर छुरी लेकर दी जान से मारने की धमकी गनीमत रही कि महिला बाल-बाल बच गई। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में कोतवाली स्याना में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

क्या है पूरा मामला ?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम धनियावली निवासी सुबराती पुत्र हकीमुल्ला ने कोतवाली स्याना में दी गई तहरीर में बताया है कि वह शांतिप्रिय और कानून में विश्वास रखने वाला व्यक्ति है। 8 नवंबर को रात्रि करीब 7:30 बजे उनके ही गांव का रहने वाला रिजवान पुत्र जाकिर उनके घर के बाहर काफी देर से खड़ा था।



जब सुबराती की पत्नी अनीसा ने उससे वहां खड़े होने का कारण पूछा, तो आरोपी रिजवान भड़क गया। उसने गंदी-गंदी गालियां देते हुए अपनी जेब से छुरा निकाल लिया और जान से मारने की नीयत से प्रार्थी की पत्नी पर वार कर दिया।
पीड़ित महिला ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, जिससे वह बाल-बाल बच गई।डायल 112 पुलिस के सामने भी दी धमकी घटना के बाद पीड़ित परिवार ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी आरोपी रिजवान ने प्रार्थी और उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी दी।

कार्रवाई की मांग

घटना के बाद से पीड़ित सुबराती और उसका पूरा परिवार बेहद डरा और सहमा हुआ है। प्रार्थी ने 9 नवंबर को थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गाजियाबाद में मनोज शर्मा पत्रकार के साथ मारपीट मामला अब तुल पकड़ता जा रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। पत्रकार मनोज शर्मा पर जानलेवा हवा हमला icu में मिलने गए तो उन्होंने कहा कि मुझे नशे के टीके लगे लेकिन फिर भी मेरे से दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा मेरे बहुत दर्द हो रहा है मुझ पर हमला जो किया वह लगभग चार से पांच लोग थे। उनके हाथों में लोहे की कोई चीज थी पत्रकार मनोज शर्मा का इलाज यशोदा हॉस्पिटल संजय नगर में चल रहा है।
डॉक्टर के मुताबिक अभी उनकी हालत सीरियस बताई जा रही है। आंख में से खून बराबर निकल रहा है।
कल बाहर से आंखों के डॉक्टर को बुलाया गया है। कल ही संजय नगर सरकारी अस्पताल में



विनोद शर्मा मेडिकल एक्सरे करवाया जाएंगा ।पत्रकार मनोज शर्मा से मिलने पहुंचे अशोक गुप्ता , अभिषेक पंडित , अपूर्व चौधरी, और , पत्रकार प्रवीण अरोड़ा सहित दर्जनों पत्रकार साथी हाल चाल जानने पहुंचे ।।सभी पत्रकारों ने पुलिस के खिलाफ विरोध जताते हुए कहा कि कल तक हमला करने वालों की गिरफ्तारी होनी चाहिए नहीं तो पत्रकारों का बड़ा आंदोलन शुरू होगा।

चेक थमा रकम रोकी, अब ब्याज समेत करना होगा भुगतान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। औद्योगिक ऑटोमेशन का सामान लेने के बाद भुगतान के लिए दिया गया चेक बाउंस होने के मामले में अदालत ने महिमा ऑटोमेशन एंड

अदालत ने 2.12 लाख रुपये की मूल धनराशि के साथ ब्याज और वाद व्यय देने की डिक्री पारित की

इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन के प्रोपराइटर सुमित धीर के खिलाफ एकपक्षीय डिक्री पारित की है। अदालत ने जीपी सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की 2.12 लाख रुपये की मूल धनराशि ब्याज और वाद व्यय सहित अदा करने का आदेश दिया है। यह वाद कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि



भुवनेश कुमार ने दायर किया था। कंपनी के अनुसार जून 2024 में प्रतिवादी फर्म ने औद्योगिक ऑटोमेशन से संबंधित सामान का ऑर्डर दिया था। कंपनी ने 22 जून 2024 को 2.12 लाख रुपये का सामान आपूर्ति किया। भुगतान के लिए प्रतिवादी की ओर से यस बैंक का समान राशि का चेक दिया गया।
कंपनी ने 25 अगस्त 2024 को चेक बैंक में जमा किया, लेकिन 27 अगस्त को बैंक ने 'पेमेंट स्टॉप्ड बाय द ड्रॉअर' टिप्पणी के साथ उसे लौटा दिया। इसके बाद कंपनी ने फोन और ईमेल के जरिए भुगतान मांगा, लेकिन रकम नहीं मिली। दो सितंबर 2025 को कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद 14 अक्टूबर 2025 को अदालत में वाद दायर किया गया। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी को समन भेजे गए और उनकी तामील भी हुई, लेकिन वह अदालत में पेश नहीं हुआ और न ही लिखित कथन दाखिल किया। अदालत ने वादी के साक्ष्यों और दस्तावेजों की जांच के बाद दावा स्वीकार करते हुए एकपक्षीय डिक्री पारित कर दी।

फफूंदी की शिकायत पर खाद्य विभाग की छापेमारी, दो मिठाइयों के नमूने लिए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहांगीराबाद। फफूंदी की शिकायत पर खाद्य विभाग की छापेमारी, दो मिठाइयों के नमूने लिए, 300 किलो मिठाई में फफूंदी की शिकायत मिलने पर हरकत में आया विभाग, 10 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई। नगर के रामगंज के मिठाई गोदाम पर खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर जांच के लिए दो मिठाइयों के नमूने लिए। बताया गया कि करीब 300 किलो मिठाई में फफूंदी पाए जाने की शिकायत मिलने के बाद खाद्य विभाग हरकत में आया। जिला खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार राय एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार कौशल ने संयुक्त रूप से गोदाम पर पहुंचकर छानबीन की। इस दौरान टीम ने छैना एवं मावे की मिठाई के दो नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया की। मुख्य खाद्य निरीक्षक ने बताया कि मिठाई विक्रेता को प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई रखने सहित खाद्य सुरक्षा



संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अन्य जानकारियां प्राप्त करने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। विभागीय टीम ने मौके पर लगभग 10 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराए जाने की जानकारी भी दी। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भैया दूज 1217 मुलाकातियों ने जेल में निरुद्ध अपने परिजनों से की मुलाकात, बहनों ने भाइयों को तिलक कर खिलाई मिठाई

जिला कारागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज का पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। जिला कारागार बुलंदशहर में बुधवार, 11 नवंबर को भैया दूज का पर्व पूर्व वर्षों की भांति बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
इस अवसर पर जेल प्रशासन की ओर से बहनों और अन्य मुलाकातियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं, ताकि वे अपने परिजनों के साथ त्योहार मना सकें।
कारागार के मुख्य द्वार के बाहर मुलाकातियों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई। साथ ही पेयजल, स्वल्पाहार और लड्डू आदि की व्यवस्था भी की गई। मुलाकात व्यवस्था को सुचारु रूप से





संचालित करने के लिए जेल कार्मिकों के साथ पुलिस बल तैनात किया गया तथा हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई। कारागार के अंदर बहुउद्देशीय हॉल में भी मुलाकातियों के बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। इस दौरान बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर भैया दूज का पर्व मनाया। इस विशेष अवसर पर कारागार में निरुद्ध कुल 19 भाई-बहनों की अलग से मुलाकात कराई गई। जेल प्रशासन के अनुसार, भैया दूज के अवसर पर कुल 1217 मुलाकाती जिला कारागार पहुंचे। इनमें 917 महिलाएं, 4 पुरुष और 296 बच्चे शामिल रहे। सभी ने कारागार में निरुद्ध अपने भाइयों, बहनों एवं अन्य परिजनों से मुलाकात की।
इस प्रकार जेल प्रशासन की समुचित व्यवस्थाओं के बीच भैया दूज का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

पराली और गन्ने की सूखी पत्तियां जलाने पर प्रशासन सख्त, तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। माननीय सर्वोच्च न्यायालय, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) तथा उत्तर प्रदेश शासन की ओर से पराली और फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशो के अनुपालन में जिला

दो दिनों में खुर्जा और शिकारपुर क्षेत्र में सामने आईं फसल अवशेष जलाने की घटनाएं, अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश

प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए ब्लॉक स्तर पर खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) की अध्यक्षता में प्रवर्तन दलों का गठन किया है।
वर्तमान में किसानों द्वारा गन्ने की सूखी पत्तियां जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला गन्ना अधिकारी को भी विशेष रूप से निर्देशित किया गया है।
इसके बावजूद विगत दो दिनों में खुर्जा ब्लॉक के सिरियाल गांव तथा शिकारपुर ब्लॉक के जलालपुर करीरा गांव में फसल अवशेष जलाने की घटनाएं सामने आई हैं।
इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने खुर्जा के खंड विकास अधिकारी, शिकारपुर के खंड विकास अधिकारी तथा जिला गन्ना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को पुनः कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में पराली, गन्ने की सूखी पत्तियां अथवा अन्य फसल अवशेष जलाने की घटना नहीं होनी चाहिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खेड़ा गांव में जर्जर सड़क और पुल से ग्रामीण परेशान,निर्माण की मांग उठाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



पिलखुवा। गांव खेड़ा में एनएच-9 स्थित सुखसागर से पप्पू के मकान तक जाने वाला करीब 640 मीटर लंबा मार्ग बदहाल स्थिति में है। सड़क और पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता परेशानी का कारण बना हुआ है। बरसात के दिनों में सड़क पर कीचड़ और जलभराव होने से हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों ने सांसद अतुल गर्ग को पत्र भेजकर इस मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग की है। पत्र में बताया गया कि वर्ष 2012 में तत्कालीन सांसद राजनाथ सिंह के कार्यकाल में सड़क का निर्माण कराया गया था, जो अब जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने 640 मीटर सड़क के साथ पुल का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके।

गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेला-2026: एडीजी,डीआईजी,डीएम,एसपी व सीडीओ ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो





- घाटों पर गोताखोरों,नावों एवं पुलिस बल की तैनाती को लेकर भी विशेष निर्देश दिए
- आगामी 24 नवंबर को मुख्य गंगा स्नान,तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर। जनपद की गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र में लगने जा रहे गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारियों के दृष्टिगत एडीजी,डीआईजी,जिलाधिकारी कविता मीना,पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी,अपर मुख्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने साथ गढ़ गंगा मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। एडीजी भानु भास्कर,डीआईजी कलानिधि नैथानी,जिलाधिकारी कविता मीना,सीडीओ श्रुति शर्मा व अपर मुख्य अधिकारी शिशुपाल शर्मा के साथ गंगा मेला के मद्देनजर मेला तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों,पार्किंग स्थल,यातायात व्यवस्था,पेयजल,शौचालय,प्रकाश व्यवस्था,चिकित्सा शिविर,सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करने एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

गंगा मेले में घाटों पर गोताखोरों, नावों एवं पुलिस बल की तैनाती को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। मेले में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं। ऐसे में प्रशासन मेले को सकुशल,सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

मोनाड विश्वविद्यालय में रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा






बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा। मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से दीपावली एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली में कुनाल की टीम प्रथम, खुशबू की टीम द्वितीय और आरती की टीम तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में रजनीश प्रथम, कैफ द्वितीय और सबिया तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. रितु चिकारा और डॉ. आशीष गर्ग शामिल रहे। कुलपति डॉ. एम. जावेद, कुलसचिव कर्नल डीपी सिंह और अतिरिक्त कुलसचिव सुहैल अहमद ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। संकायाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. प्रवीन कुमार चौहान, डॉ. मनीषा शर्मा, रूबी, अखिलेश कुमार पाण्डेय, स्वाति त्यागी, पूजा त्यागी, श्वेता सिंघल, आशीष, रवि कुमार, अमित मित्तल और पारस कंसल मौजूद रहे।

भैयादूज पर्व : बहनों ने भाईयों को तिलक कर दीर्घायु की कामना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो





- भाईयों ने अपनी बहनों को दिये आकर्षक गिफ्ट
- ट्रैफिक पुलिस तैनात रहने से बहनें नहीं हुई जाम का शिकार

हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर,पिलखुवा। जनपद के शहरी में ग्रामीण अंचल में भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों के मस्तक पर तिलक कर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी आयु की कामना की। भाईयों ने बहनों को आकर्षक गिफ्ट दिये। वहीं ट्रैफिक पुलिस की मुस्तैदी से शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने से बहने ट्रैफिक पुलिस को धन्यवाद दिया।

भाई दूज का त्यौहार भाईयों की लंबी आयु और यम के काल दंड से बचाने के लिए मनाया जाता है। इस व्रत को रखकर बहन भाई को तिलक करने के बाद अपना उपवास तोड़ती है।

बुधवार की सुबह से ही अपने भाईयों के घरों तक जाने के लिए महिलाओं का आना जाना शुरू हो गया। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर कलावा बांधकर,तिलक कर व मिठाई खिलाकर अपने भाई की दीर्घायु की कामना की। भाईयों ने भी अपनी बहनों को आकर्षक उपहार व धनराशि दी।

पुलिस अधिकारियों ने भाईदूज पर्व पर विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया। इस कारण शहर में सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने से बहनें आसानी से अपने-अपने भाईयों के घर पहुंची,बहनों से ट्रैफिक पुलिस को धन्यवाद दिया।

ताजमहल की सुरक्षा और औद्योगिक विकास का रखा जाएगा ध्यान

ताजमहल के साये में बसेगा 14 हजार हेक्टेयर का नया शहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



- प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर रहेगी रोक
- यीडा तैयार कर रहा आगरा अर्बन सेंटर का मास्टर प्लान
- आवासीय और संस्थागत क्षेत्र भी होंगे विकसित

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे आगरा में 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में नया शहर विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। आगरा अर्बन सेंटर के नाम से प्रस्तावित इस शहर में प्रदूषण रहित और पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। ताजमहल की नजदीकी को देखते हुए औद्योगिक गतिविधियों के चयन में पर्यावरणीय नियमों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। शहर में उद्योगों के साथ आवासीय और संस्थागत क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले आगरा अर्बन सेंटर का मास्टर प्लान विशेषज्ञ एजेंसी तैयार कर रही है। अधिकारियों के अनुसार मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्राधिकरण बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद इसे उत्तर प्रदेश सरकार के पास भेजा जाएगा। शासन की स्वीकृति के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

दरअसल, ताजमहल को औद्योगिक प्रदूषण से बचाने के लिए ताज ट्रेपेजियम जोन में विशेष नियम लागू हैं। इसी कारण यहां प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के बजाय पर्यावरण के अनुकूल औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने की योजना है।

इससे आगरा और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश बढ़ने तथा रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। राकेश कुमार, एसीईओ, यमुना प्राधिकरण के अनुसार मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी।

भाईयों की दीर्घायु के लिए बहनों ने किया भैया दूज पर्व पर मंगल तिलक

बुलन्द संदेश ब्यूरो











- लेकिन बसों की किल्लत से जूझी बहनें उठाई मुसीबत
- गोले के दामों ने तोड़ा रिकॉर्ड, 500 से 550 रु तक बिका गोला

धौलाना। धौलाना क्षेत्र में भैया दूज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोले के रिकॉर्ड दामों ने बहनों को परेशान किया। वहीं बहनों को सफर तय करने में काफी मुसीबत झेलनी पड़ी। घंटों इंतजार करने के बाद बसें आ रही थी वह भी ठसाठस भरी हुईं। काफी लोगों ने निजी वाहन, टैक्सी का सहारा लिया। वहीं हर जगह जाम ने पूरे दिन लोगों को परेशान किया।बुधवार की सुबह पहले महिलाओं ने भैया दूज की यम और यमुना की कथा सुनी। इसके बाद भाइयों के माथे पर मंगल तिलक कर गोला प्रदान कर उनके दीर्घायु होने की प्रभु से कामना की। वहीं बहनों के लिए भाइयों ने गिफ्ट देकर सम्मान किया। सुबह से ही भैया दूज मनाने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

दूसरी तरफ सुबह से ही रोडवेज और प्राइवेट बसों के लिए सड़कों पर महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। घंटों इंतजार के बाद बसें आ रही थी वह भी ठसाठस भरी हुईं। उनमें सीट के लिए मारामारी की रही। यहां तक कि दोपहिया वाहनों पर तीन से ज्यादा सवारियां तक नजर आईं। कई स्थानों पर चालकों के स्टापेज पर बस न रोकने की शिकायतें सामने आईं। इस कारण यात्रियों को पीछे दौड़कर बस में चढ़ना पड़ा।

बता दें भैयादूज को देखते हुए रोडवेज ने बड़े स्तर पर तैयारी की थी और बसों को सड़क पर चलाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन मंगलवार ओर बुधवार को बसों की किल्लत और यात्रियों की अधिक संख्या एक बार फिर रोडवेज के लिए सिरदर्द बनी।

यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ धौलाना गुलावटी गाजियाबाद, पिलखुवा दादरी, नोएडा, दिल्ली, बुलंदशहर, नोएडा, मेरठ, स्याना रूट पर रही। वहीं धौलाना में यातायात दुरुस्त रखने के लिए धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल सड़कों पर मुस्तैद नजर आया।

मेट्रो स्टेशन के नीचे से 25 केवीए का जनरेटर चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- पीड़ित ने सुपरवाइजर और गार्ड पर लगाया आरोप

नोएडा। सेक्टर-146 मेट्रो स्टेशन के नीचे बने कार्यस्थल से चोर 25 केवीए का जनरेटर सेट चोरी कर ले गए। पीड़ित अशोक कुमार की शिकायत पर नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अशोक कुमार के अनुसार उन्होंने अपने कार्यस्थल पर जनरेटर रखा हुआ था। नौ सितंबर की रात वह चोरी हो गया। अगले दिन जानकारी मिलने पर आसपास तलाश की गई, लेकिन जनरेटर का कोई पता नहीं चला। चोरी के कारण उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने सुमित कृष्ण, असावरी के सुपरवाइजर और गार्ड पर चोरी में शामिल होने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जनरेटर की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

भाई की सलामती के लिए बहनों ने सजाई पूजा की थाली

बुलन्द संदेश ब्यूरो



- तिलक लगाकर गोला और मिठाई भेंट की, शहर में उल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज
- बहनों ने भाइयों के माथे पर सजाया तिलक, मांगी लंबी उम्र की दुआ

ग्रेटर नोएडा (साजिद भाटी)। शहर में बुधवार को भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की रौनक दिखाई दी। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपना स्नेह जताया।

त्योहार को लेकर भाई-बहनों में खासा उत्साह रहा। कई बहनें भाइयों के घर पहुंचीं तो कई भाइयों ने बहनों के घर जाकर पर्व मनाया। बहनों ने पूजा की थाली में रोली, अक्षत, दीपक और गोला सजाकर भाइयों का तिलक किया। इसके बाद उन्हें गोला भेंटकर मिठाई खिलाई। परिवार के सदस्यों ने एक साथ बैठकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

बाजारों में रही चहल-पहल

भाई दूज पर शहर के बाजारों में भी सुबह से रौनक रही। मिठाई, फल और पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दिखाई दी। महिलाओं और युवतियों ने त्योहार के लिए जरूरी सामान खरीदा। मंदिरों में भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। पूरे शहर में भाई दूज को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

चोरी की बाइक के साथ चाकू भी मिला,युवक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। सेक्टर-24 थाना पुलिस ने चोरी की बाइक और चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के सिवान जिले के रहने वाले 26 वर्षीय सागर उर्फ मोहित के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सेक्टर-22 के चौड़ा गांव में किराये पर रहता है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात सेक्टर-11 स्थित मदर डेयरी के पास एक संदिग्ध युवक की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने करीब 8 महीने पहले चाकू खरीदा था और इसे शौक के लिए रखता था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद की है। बाइक के इंजन और चेसिस नंबर की जांच कराई जा रही है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

भाकियू पदाधिकारी पर 15 से अधिक लोगों ने किया हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं अधिवक्ता अक्षित शर्मा पर 15 से अधिक लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें घेरकर लाठी-डंडों, पिस्टल की बट और धारदार हथियारों से पीटा। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अक्षित शर्मा के अनुसार ब्लिंकिट में काम करने वाले चंदन यादव के साथ हुई मारपीट का उन्होंने विरोध किया था। साथ ही पुलिस अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इसी बात को लेकर कुछ लोग उनसे रंजिश रखने लगे थे। आरोप है कि नौ नवंबर को चिपियाना गांव में 15 से अधिक लोगों ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया। मामले में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश चंद की शिकायत पर पांच नामजद और दस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में रोजा याकूबपुर निवासी अनुराग और नितिन नागर तथा प्यावली गांव निवासी गौतम राणा, कपिल और गौरव शामिल हैं। शिकायत में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के साथ परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

आस्था और संस्कारों के संग मना चित्रगुप्त का वार्षिकोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा वेस्ट। छोटी मिलक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का तृतीय वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान कलम-दवात पूजन, भगवान चित्रगुप्त की कथा और आरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप कलम वितरित की गई। 3 वर्ष पूर्व 23 अक्टूबर को मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की प्राणप्रतिष्ठा कराई गई थी। वार्षिकोत्सव को भव्य बनाने के लिए सुपरटेक-3, अजनारा ली गार्डन, निराला सोसायटी, ऐस सिटी और सौंदर्य सोसायटी में बैठकें कर तैयारियां की गई थीं। कार्यक्रम में भगवान



चित्रगुप्त की महिमा का गुणगान किया गया। आयोजकों ने समाज में एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृष्ण दयाल निगम, हरिशंकर प्रसाद सिन्हा, अजय कुमार लाल, आकांक्षा श्रीवास्तव, देवेश्वर सक्सेना, डॉ. राजीव वर्मा, विवेक श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

गंगा मेला तैयारी

मुख्य स्नान से पूर्व मेले की सभी तैयारी पूर्ण हो: डीएम

डीएम,एसपी ने गंगा मेला तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- गंगा मेले में एक वीआईपी सहित बनेंगे 15 स्नान घाट: शिशुपाल

हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर। नवंबर माह में गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले की जिला पंचायत विभाग ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू की जा रही है। जिलाधिकारी ने एसपी के साथ गंगा मेला तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्देशित किया,कि मेले की तैयारियां समय से पूर्ण होनी चाहिए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

आपको बता दें,कि गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले का आयोजन प्रतिवर्ष जिला पंचायत द्वारा किया जाता है। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा एक माह पूर्व से शुरू कर दी गई है। मेले में गंगा स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा राजस्थान,पंजाब,हरियाणा व दिल्ली से करीब 20 से 25 लाख श्रद्धालु आते है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करने पड़े,इसका जिला पंचायत द्वारा ध्यान रखा जाता है।

जिलाधिकारी कविता मीना,एसपी मधुबन कुमार सिंह,सीडीओ श्रुति शर्मा व अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,एडीएम मोनिका सिंह के साथ गंगा मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गंगा घाटों,पार्किंग स्थल,शौचालय,स्वास्थ्य शिविरों के लिए चिन्हित स्थानों का भी जायजा लिया। जिसके उपरांत डीएम ने जिला पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया,कि मेले की तैयारियों को समय से पूर्ण कराया जाये,जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



डीएम को अपर मुख्य अधिकारी शिशुपाल शर्मा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में श्रद्धालुओं के लिए एक वीआईपी सहित 15 स्नान घाट बनाये जायेंगे। महिलाओं,युवतियों के लिए मेले में विभिन्न स्थानों पर कपड़े बदलने के लिए 260 चेजिंग रूम व 1150 अस्थाई शौचालय भी बनाये जायेंगे है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल हेतु विभिन्न स्थानों पर 600 हैंडपंप लगाये जा रहे है।

एएमए ने बताया कि गंगा मेला 17 नवंबर से शुरू होकर 26 नवंबर तक चलेगा। मुख्य गंगा स्नान 24 नवंबर को होगा। इस मेले में गंगा के रेतीले मैदान में टेंट सिटी बनवायी जायेगी,जो मेले में आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

बच्चों के विवाद की शिकायत करने गई महिला पर हमला,ईंट मारकर घायल किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। रोरावर थाना क्षेत्र के मजहर की कोठी इलाके में बच्चों के बीच हुए विवाद की शिकायत करने पहुंची महिला पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि महिला के सिर पर ईंट मारकर उसे घायल कर दिया गया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला मलखान सिंह अस्पताल लेकर पहुंचे।घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही है। महिला बानो के भतीजे के अनुसार, गली में बच्चों के बीच विवाद हो गया था। इसकी शिकायत करने बानो दूसरे पक्ष के घर पहुंची थीं। आरोप है कि वहां मौजूद मुस्तफा ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर अन्य लोग भी आ गए और बानो के सिर पर ईंट मार दी।परिजनों का आरोप है हमलावरों ने घर का दरवाजा बंद कर छत से भी ईंट-पत्थर फेंके। परिवार ने मुस्तफा, पप्पन, सिंधिया, रियान, फैजान, हारिस, फैसल और इमरान समेत अन्य लोगों पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया है।परिजनों ने रोरावर थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए मलखान सिंह अस्पताल भेजा।

बिजली विभाग की लापरवाही से भैंस की मौत, परिवार को डेढ़ लाख रुपये का नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो





अलीगढ़। थाना गोंडा क्षेत्र के गांव भेमती में बिजली विभाग की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। गांव निवासी मुकीम खान पुत्र सादिक खान की भैंस 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन में करंट उतरने से मौत का शिकार हो गई।बताया जा रहा है कि मुकीम खान अपनी भैंस को बांधने के लिए लेकर जा रहे थे। इसी दौरान 11 हजार की विद्युत लाइन में करंट उतरने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। भैंस की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। घटना से मजदूर परिवार को आर्थिक नुकसान पहुंचा है।घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मामले की जांच कराने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। अब देखना होगा कि बिजली विभाग के अधिकारी पीड़ित परिवार की मदद के लिए क्या कदम उठाते हैं।

फर्जी मोहर और हस्ताक्षर से जमानत लेने का खुलासा,आरोपी समेत तीन पर मुकदमा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। गांधीपार्क क्षेत्र में लूट के मुकदमे में जेल में बंद आरोपी के फर्जी दस्तावेजों से जमानत लेने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने थाना प्रभारी और दरोगा के फर्जी हस्ताक्षर व नकली मोहर लगाकर सत्यापन रिपोर्ट तैयार कर कोर्ट में दाखिल कर दी, जिसके आधार पर उसे जमानत मिल गई और वह जेल से बाहर आ गया। मामला कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 233/26 से जुड़ा है। आरोपी मिंटू पुत्र सत्यवीर निवासी नगला पला, खजान हलवाई गली, भदेशी रोड, सासनीगेट बताया गया है। आरोप है कि मिंटू ने जमानत के लिए गांधीपार्क क्षेत्र के दो लोगों को जमानतदार बनाया। उनके साथ मिलकर थाने की फर्जी सत्यापन रिपोर्ट तैयार कराई गई।रिपोर्ट पर दरोगा रोहित वर्मा और थाना प्रभारी के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। थाने और थाना प्रभारी की नकली मोहर भी लगाई गई। फर्जी अग्रसारित मोहर लगाकर रिपोर्ट एसीजेएम कोर्ट संख्या-1 में दाखिल कर दी गई। दरोगा रोहित वर्मा की तहरीर के मुताबिक, कोर्ट पैरोकार से जानकारी मिलने पर जांच की गई तो पता चला कि सत्यापन के लिए उन्हें कोई प्रपत्र मिला ही नहीं था। उन्होंने कोई रिपोर्ट तैयार नहीं की थी। असली और नकली मोहर में अंतर मिला। पुलिस ने मिंटू के अलावा जमानतदार अनेक सिंह व जितेंद्र कुमार निवासी डोरीनगर और एक अज्ञात के खिलाफ गांधीपार्क थाने में मुकदमा दर्ज किया है। जांच निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा को सौंपी गई है। सीओ द्वितीय धनंजय ने बताया कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पर्यावरण संरक्षण के लिए निकली 'पैडल से नेचर' साइकिल यात्रा 41वें दिन अलीगढ़ पहुंची

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही 'पैडल से नेचर' साइकिल यात्रा बुधवार को अपने 41वें दिन अलीगढ़ पहुंची। पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के नेतृत्व में निकाली जा रही यात्रा का सासनी गेट चौराहे पर कांग्रेसजनों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद साइकिल यात्रियों का मैरिस रोड स्थित पूर्व विधायक विवेक बंसल के आवास अयोध्या कुटी पर अभिनंदन किया गया।डॉ. अनिल जोशी ने उन्होंने जंगलों, नदियों और तालाबों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।पूर्व विधायक विवेक बंसल ने डॉ. जोशी के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट प्रयास करने चाहिए।कार्यक्रम के समापन पर विवेक बंसल ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को अलीगढ़ से अगले पड़ाव के लिए रवाना किया। आयोजकों के अनुसार, यह यात्रा एक अक्टूबर को नेपाल के जनकपुर से शुरू हुई थी। इसमें करीब डेढ़ दर्जन युवक-युवतियां शामिल हैं। कहा कि बढ़ता प्रदूषण मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। शुद्ध हवा और ऑक्सीजन जीवन की पहली जरूरत हैं।

सोलर पैनल तार चोरी में आरोपी गिरफ्तार,औजार बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। थाना अतरौली पुलिस ने सोलर पैनल का तार चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी रिजवान पुत्र इसरत अली उर्फ कल्लू खां निवासी जमालगढ़ी, थाना अतरौली को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक फरसा, एक प्लास और सोलर पैनल तार के 6 टुकड़े (32 मीटर) बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 योगेश कुमार, कां0 अभिषेक कुमार और कां0 मनीष शर्मा शामिल रहे।

भाई दूज पर सुरक्षा व्यवस्था का एसपी ग्रामीण ने लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। भाई दूज त्योहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनीष कुमार मिश्र ने थाना खैर क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। बुधवार को एसपी ग्रामीण ने क्षेत्र में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कराई। इस दौरान संबंधित को निरंतर पैदल गश्त करने, सतर्क दृष्टि बनाए रखने और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए।

चेक बाउंस मामले में वांछित वारंटी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। थाना अतरौली पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी दुष्यंत पुत्र रामप्रकाश निवासी उमरावगंज घंटाघर, कस्बा व थाना अतरौली है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ धारा 138 एनआई एक्ट का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वारंट के अनुपालन में उसे थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार और प्रशांत चौहान शामिल रहे।

यातायात नियम तोड़ने पर एक दिन में 5033 वाहनों के चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



नोएडा। गौतमबुद्धनगर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बुधवार को यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान 5033 वाहनों के ई-चालान किए गए, जबकि सात वाहनों को सीज किया गया। सबसे अधिक कार्रवाई बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ हुई। यातायात पुलिस के अनुसार बुधवार को मैनुअल तरीके से 2166 और आईएसटीएमएस कैमरों के माध्यम से 2867 वाहनों के चालान किए गए। इनमें बिना हेलमेट के 2027, नो पार्किंग के 381, सीट बेल्ट नहीं लगाने के 217, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने के 46, एनजीटी नियमों के उल्लंघन के 113 और ओवरस्पीड के 322 मामले शामिल हैं।

बिना हेलमेट चलने वाले 2027 वाहन चालक कार्रवाई की जद में, सात वाहन सीज

कैमरों और मैनुअल जांच से हुई कार्रवाई

इसके अलावा सेक्टर-12, सेक्टर-22 और सेक्टर-56 चौराहों पर लोगों को नकली हेलमेट के नुकसान, यातायात संकेतों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की।

धूमधाम से मनी चित्रगुप्त जयंती, समाज कल्याण का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनर तले चित्रगुप्त जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना और हवन किया गया।मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने सामूहिक रूप से कलम-दवात का पूजन कर समाज के कल्याण की कामना की। पूजन के बाद प्रतीक स्वरूप कलम वितरित की गईं।प्रवीर सक्सेना ने कहा कि कलम ज्ञान और शिक्षा का प्रतीक है। अनूप सक्सेना ने प्रसाद वितरित किया।इस दौरान मनोज सक्सेना, आलोक सहारिया, जितेंद्र बाबू, हर्ष सक्सेना, अंजली सक्सेना, डॉ. पर्व सक्सेना, कुलदीप सहाय सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

भैया दूज पर जेल में उमड़ी बहनें, बंदी भाइयों को लगाया तिलक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। बुधवार को भैया दूज के अवसर पर अलीगढ़ की महिलाएं अपने भाइयों से मिलने जिला कारागार पहुंचीं। उन्होंने बंदियों को तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र व खुशहाली की कामना की। जेल प्रशासन ने महिलाओं के लिए विशेष इंतजाम किए थे।दीपावली और गोवर्धन पूजा के बाद मनाए जाने वाले भैया दूज पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं और उनकी सुख-समृद्धि व लंबी उम्र की कामना करती हैं।जेल में की गई व्यवस्थाओं से महिलाएं अपने भाइयों से मिल सकीं और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और चार साल का बेटा घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। अकराबाद थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास बुधवार को अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और उनका चार वर्षीय बेटा घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, मुनीश कुमार अपनी पत्नी कांति देवी और बेटे अमन के साथ बाइक से कासगंज जिले के मिरहची थाना क्षेत्र स्थित कुरामई गांव जा रहे थे। रास्ते में टोल प्लाजा के पास एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

दोदपुर में जुआ खेलते 8 गिरफ्तार, 34 हजार से अधिक बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। थाना सिविल लाइन पुलिस ने दोदपुर क्षेत्र में जुआ खेलते आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 34,730 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार आरोपियों में जगदीश पुत्र बाबूलाल, वीर प्रकाश पुत्र इंद्रपाल सिंह, तरुण पुत्र सुनील कुमार, रामबाबू पुत्र भूप सिंह, विनोद पुत्र रघुवीर सिंह, किशन पुत्र चंद्रपाल सिंह, मोहम्मद तारिक पुत्र मोहम्मद अजीम और हुसैन पुत्र मंजर रजा शामिल हैं।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक मोहम्मद आसिफ, कांस्टेबल सुमित कुमार और अफसार शामिल रहे।

भूपाल नगला हत्याकांड में तीन गिरफ्तार,हथियार बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। गभाना थाना क्षेत्र के गांव भूपाल नगला में हुए सोमवीर सिंह हत्याकांड में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे की धमाके की नाल, पाइप और फावड़े का बेंट बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर को गांव निवासी सोमवीर पुत्र रेशमपाल की पटाखा चलाने वाली लोहे की रॉड से पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में अर्जुन सिंह, प्रदीप, अनुज और कुंती देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।थाना गभाना पुलिस ने 11 नवंबर को अर्जुन पुत्र बिजेंद्र पाल, प्रदीप पुत्र बिजेंद्र पाल और अनुज पुत्र अर्जुन सिंह निवासी भूपाल नगला को गिरफ्तार किया। कुंती देवी को 10 नवंबर को ही जेल भेजा जा चुका है।पुलिस के मुताबिक, अर्जुन पर 2015 में चंडौस थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज है, जबकि अनुज पर मारपीट व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार, एसआई अमित कुमार, सचिन कुमार व कांस्टेबल जफरे आलम और अभिषेक मावी शामिल रहे।

प्रशासन अलर्ट 13 से 16 नवम्बर तक चलेगा छठ महापर्व,13 को नहाय-खाय के साथ आरंभ होगा पर्व, 14 को होगा खरना, 15 व 16 को दिया जाएगा अर्घ्य

छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन अलर्ट, घाटों पर चप्पे-चप्पे पर रहेगी निगरानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। आस्था के महापर्व छठ पर श्रद्धालुओं की खुशियां किसी दुर्घटना की भेंट न चढ़ें, इसके लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की व्यापक तैयारियों पर विशेष जोर दिया है। 13 से 16 नवम्बर तक मनाए जाने वाले छठ महापर्व के दौरान नदियों, तालाबों एवं अन्य जलाशयों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के एकत्रित होने की संभावना को देखते हुए

डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिए संवेदनशील घाटों पर होगी विशेष सुरक्षा व्यवस्था



अविनाश कुमार, जिलाधिकारी

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व श्रद्धा, आस्था एवं सूर्य उपासना का महत्वपूर्ण पर्व है। इस दौरान विशेषकर महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में जलाशयों के किनारे पहुंचते हैं। ऐसे में डूबने की घटनाओं एवं भीड़ के दबाव से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी पूजा स्थलों एवं घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर लें और जहां भी सुरक्षा संबंधी कमी दिखाई दे, उसे पर्व प्रारंभ होने से पहले दूर कराया जाए।

खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग, गहरे पानी में जाने से रोकने के होंगे इंतजाम

जिलाधिकारी ने संवेदनशील एवं दुर्घटना संभावित घाटों, नदी किनारों और तालाबों को चिह्नित कर वहां पर्याप्त बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए हैं। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और सुरक्षित स्नान एवं पूजा स्थलों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित की जाए। घाटों पर पुलिस बल एवं प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की तैनाती के साथ श्रद्धालुओं की आवाजाही को भी नियंत्रित किया जाए।

गोताखोर, नाव और बचाव दल रहेंगे तैयार

आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के लिए प्रशिक्षित गोताखोरों एवं तैराकों को आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों, लाइफ जैकेट एवं मोटरबोट सहित तैयार रखा जाए। नावों के संचालन पर निगरानी एवं नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए।

भीड़ पर सीसीटीवी और उद्घोषणा प्रणाली से रखी जाएगी नजर

भीड़ के व्यवस्थित आवागमन के लिए प्रवेश एवं निकास मार्ग निर्धारित कर बैरिकेडिंग की जाए। आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन से निगरानी रखी जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से श्रद्धालुओं को लगातार सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी जाए। चिकित्सा विभाग को प्राथमिक उपचार केंद्र, एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अग्निशमन विभाग को आवश्यक संसाधनों सहित मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। छठ पर्व 13 से शुरू होकर 16 तक चलेगा। 14 को खरना के साथ 15 की शाम डूबते सूर्य को जलाशय व घाटों पर अर्घ्य दिया जाएगा। 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व पूरा होगा।

एसएसपी ने अपराध गोष्ठी कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। एसएसपी नीरज जादौन ने पुलिस लाइन छेरत में अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी कर अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की समीक्षा की।गोष्ठी में वर्ष 2025 व उससे पूर्व के लंबित मुकदमों की विवेचना, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और निरोधात्मक कार्रवाई की प्रगति पर चर्चा हुई।एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। अपराधियों के खिलाफ गुंडा-गैंगस्टर एक्ट और शांति व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 126/135 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा।शस्त्र लाइसेंस रजिस्टर अद्यावधिक रखने और लाइसेंस धारकों का सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए।गोष्ठी में एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण, एसपी यातायात, सभी सीओ, थाना प्रभारी व विवेचक मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालयों में "आज होगी विशेष अभिभावक-शिक्षक "बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



कांठ (सुदेश बिश्नोई)। भारत की जनगणना-2027 (स्व-गणना) तथा भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पशु कल्याण के प्रति जन जागरूकता प्रसार हेतु समस्त विद्यालयों में दिनांक 12 नवम्बर, 2026 को पूर्वा 10:30 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक (स्पेशल पीटीएम) आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं'विकास खंड के अंतर्गत संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं मान्यता प्राप्त / सहायता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में निर्धारित समयावधि में विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन कराते हुये उक्त कार्यक्रम की विद्यालय वार आख्या एवं फोटो ग्राफ्स के निर्देश दिए गए हैं।

सदर विधायक इकबाल महमूद के प्रयास से खानपुर खुमार से मंडलाई बाईपास मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी,ग्रामीणों को मिलेगी राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सम्भल। सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खानपुर खुमार से मंडलाई बाईपास तक सड़क निर्माण का कार्य में सदर विधायक इकबाल महमूद के प्रयास से प्रगति पर है। स्थानीय स्तर पर किए गए प्रयासों के चलते इस महत्वपूर्ण मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के कई गांवों की राह आसान होने वाली है।

यह मार्ग पल्था, सदिरानपुर, बझेड़ा और आसपास के कई ग्रामीण इलाकों को सीधे मुख्य हाईवे से जोड़ेगा। सड़क के पक्का बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस मार्ग के सुधार की मांग की जा रही थी, क्योंकि खस्ताहाल रास्ते के कारण ग्रामीणों और किसानों को हाईवे तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

इसी क्रम में ग्रामीणों के बुलावे पर सदर विधायक के पुत्र सुहेल इकबाल ने निर्माण स्थल का मौका मुआयना किया और पूरे मार्ग का सर्वे किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण से संबंधित कुछ तकनीकी और स्थानीय समस्याएं उनके सामने रखीं। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके पर ही संबंधित अवर अभियंता (जेई) से फोन पर वार्ता की और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए।



अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि सड़क का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए, ताकि राहगीरों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने और मौके पर समस्याओं का निस्तारण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बाईपास के पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद क्षेत्र में व्यापार और आवागमन दोनों को नई गति मिलेगी।

भाईदूज पर नगर में दिखा उल्लास: बहनों ने "ईश्वर से की दीर्घायु की" कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को भाईदूज का त्योहार उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने स्नेह की रोली से भाइयों के मस्तक पर दीर्घायु की कामना के साथ तिलक किया। सुबह से ही बहनें अपने भाइयों का टीका करने के लिए उत्साहित दिखाई दीं। अनेक बहनें बिना कुछ खाए-पीये लंबी दूरी की यात्रा कर भाई के घर पहुंचीं। तमाम भाइयों ने भी अपनी शादीशुदा बहनों के घर जाकर





तिलक कराया। शुभ मुहूर्त में भाई की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ मिठाई खिलाकर तिलक किया। भाई दूज के लिए कई दिन पहले से बहनों ने तैयारी की। दिवाली के बाद से इस त्योहार को लेकर बाजार में काफी चहल-पहल रही। जगह-जगह मिठाई और गोले की दुकानें सजाई गईं। आम तौर पर सुबह खुलने वाले मिठाई की दुकानें सुबह 7:00 बजे ही खुल गईं गिफ्ट की दुकानों पर भी भीड़ रही।

16 नवंबर को आयोजित "शिक्षक संकुल बैठकों में बनेगी अर्द्धवार्षिक" परीक्षा की रणनीति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए 16 नवंबर को प्रदेश भर में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन किया जाएगा। दोपहर एक से तीन बजे तक होने वाली इन बैठकों में 17 से 21 नवंबर तक प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की रणनीति पर विशेष चर्चा होगी।महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के अनुसार, बैठकों का उद्देश्य शिक्षकों के अनुभव, नवाचार और प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को साझा करना है। साथ ही कक्षा में पढ़ाए गए पाठों का नियमित रिवीजन कराने पर जोर दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थी परीक्षा के लिए बेहतर ढंग से पाठ्यक्रम की प्रगति और उसे निर्धारित समय में पूरा करने की कार्ययोजना की समीक्षा की जाएगी। शिक्षक महत्वपूर्ण विषयों की पहचान, प्रश्नों के अभ्यास और



विद्यार्थियों की तैयारी को लेकर रणनीति बनाएंगे। इसके अलावा प्रथम यूनिट टेस्ट के बाद प्रत्येक विद्यार्थी का होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड भरने और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद उसे अपडेट करने की समीक्षा होगी। निपुण लक्ष्य और डिजिटल आंकड़ों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। यू-डायस प्लस पोर्टल पर विद्यालय, छात्र और शिक्षक प्रोफाइल से संबंधित आंकड़ों को अपडेट करने तथा समस्याओं के समाधान पर चर्चा होगी। वहीं, प्रेरणा पोर्टल पर खेलकूद गतिविधियों का विवरण समय से दर्ज करने की समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रार्थना सभा से लेकर शिक्षक संकल्प तक की गतिविधियों को भी एजेंडे में शामिल किया गया है।

बैठकों में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए अलग-अलग एजेंडा तय किया गया है। इसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, बालवाटिका को सक्रिय बनाने के नए तरीके और बच्चों में चिंतन, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, पीयर लर्निंग और समूह आधारित गतिविधियों के जरिये विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के उपाय भी साझा किए जाएंगे। डिजिटल संसाधनों के इस्तेमाल और शिक्षण के सफल प्रयोगों पर भी विचार होगा।

भैया दूज पर जेल पहुंचीं बहनें, बंदी भाइयों को तिलक कर मनाया त्योहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। भैया दूज के पर्व पर बुधवार को जिला कारागार में बंद अपने भाइयों से मिलने के लिए बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की और मिठाई खिलाकर पर्व मनाया। जेल प्रशासन की ओर से भी बहनों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे।



जेल के बाहर लगी बहनों की लाइन

सुबह से ही जिला कारागार के बाहर बहनों की भीड़ जुटने लगी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत मुलाकात के लिए पहुंचीं बहनों का सत्यापन और अन्य औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें मुलाकात की अनुमति दी गई। मुलाकात के दौरान बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाया और मिठाई खिलाई। भावुक माहौल में कई बहनों ने भाइयों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद दिया और परिवार का कुशलक्षेम पूछा। भैया दूज के अवसर पर सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक संख्या में बहनों के पहुंचने को देखते हुए जेल प्रशासन ने बैठने, पेयजल, प्रवेश और मुलाकात की व्यवस्था को व्यवस्थित रखा। सुरक्षा के मद्देनजर जेल परिसर में कर्म चारियों की तैनाती की। मुलाकात की प्रक्रिया पर निगरानी रखी गई। जेल प्रशासन ने पर्व के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखा।

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नवाबगंज। क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया विकासखंड भदपुरा के क्षेत्र कस्बा क्योलड़िया, नकटी नारायणपुर, ठिरिया बन्नो जान, बहिर जागीर, भौआ बाजार,धनौर जागीर,जबेदा जबेदी, समेत आदि



गांव में भाई दूज का पर्व मनाया गया सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों को तिलक लगाया तथा मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। कई स्थानों पर विवाहित बहनें भी अपने मायके पहुंचीं और भाइयों के साथ इस पर्व की खुशियां साझा कीं बाजारों में भी मिठाइयों, फलों और उपहारों की दुकानों पर रौनक दिखाई दी।

संक्षिप्त समाचार

तुलसी का पौधा और फुलवारी खराब होने का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट: पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। नगर पंचायत के मोहल्ला फकीरगंज में तुलसी का पौधा और फुलवारी खराब होने का विरोध करने पर एक महिला के साथ मारपीट करने और उस पर गर्म पानी फेंकने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है फकीरगंज निवासी सोनम पुत्री मंगल सिंह द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 19 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे मोहल्ले में रूबी का किसी अन्य से मुर्गी के बच्चों को भगाने को लेकर विवाद हो रहा था। दरवाजे पर बैठी सोनम ने जब यह कहा कि रूबी की मुर्गियों ने उनके घर की 'तुलसा जी' और फुलवारी को भी खराब कर दिया है, तो आरोपी पक्ष भड़क गया। आरोप है कि इस बात पर रूबी, उसकी सास मुन्नी, लड़का रिवेन्द्र और लड़की राधिका ने सोनम के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इतना ही नहीं, पीड़िता पर खौलता हुआ गर्म पानी फेंक दिया गया और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का कहना है कि मोहल्ले की बात होने के कारण उसने पहले पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। लेकिन इसके बाद भी आरोपी पक्ष द्वारा लगातार उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। परेशान होकर पीड़िता ने थाना कांठ पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

मुरादाबाद बस अड्डे को "शहर से बाहर शिफ्ट करने की शासन" से मिली अनुमति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। शहर से सटे गांव त्रिलोकपुर में मुरादाबाद बस अड्डे को शिफ्ट करने की शासन से अनुमति मिल गई है। करीब दो हेक्टेयर भूमि पर बस अड्डा बनेगा। जबकि 1.1 हेक्टेयर पर ई-बस चार्जिंग स्टेशन बनेगा। जल्द ही ग्राम समाज की भूमि परिवहन निगम और नगर निगम को स्थानांतरित कर दी जाएगी।बस अड्डे के लिए त्रिलोकपुर में ग्राम समाज की 3.1 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है। यहां बस अड्डे को शिफ्ट करने के लिए शासन से अनुमति मांगी गई थी जिसे मंजूरी मिल गई है। अब यहां दो हेक्टेयर में नया बस अड्डा बनेगा। इसके बगल में 1.1 हेक्टेयर जमीन पर ई-बस चार्जिंग स्टेशन बनेगा। एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि शासन से बस अड्डे को शिफ्ट करने की अनुमति मिल गई है। बस अड्डे और ई-बस चार्जिंग स्टेशन के लिए दोनों विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है। जिसे जल्द शासन को भेजा जाएगा।



कांग्रेस करेगी "ब्लॉक खाट मीटिंग" उठाएगी वोट चोरी का मुद्दा, 13 नवंबर को लखनऊ में कार्यशाला का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। यूपी में विधानसभा चुनाव के लिए सियासी जमीन तैयार करने में जुटी कांग्रेस किसानों के बीच वोट चोरी का मुद्दा उठाएगी। पार्टी ब्लॉकों में खाट मीटिंग करेगी। इसमें कुर्सी-मेज का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। यह बैठक खाट और मूढ़ों पर बैठ कर की जाएगी। जो 17 और 18 नवंबर को होगी। वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर लगातार हमलावर है।इसको लेकर दिल्ली में धरना प्रदर्शन के साथ-साथ बड़ी रैली की जा चुकी है। अब पार्टी इस मुद्दे को जमीनी स्तर पर भी उतारना चाहती है।



इसके लिए हर ब्लॉक क्षेत्र में खाट मीटिंग करने की योजना बनाई गई है। जिसे लेकर जूम मीटिंग भी की गई। जिले में दो दिन खाट मीटिंग होगी। हर दिन चार ब्लॉक में ये बैठक होगी। इसमें सिर्फ किसानों और आसपास के गांवों के लोगों को शामिल किया जाएगा। बैठक में कुर्सी-मेज की जगह खाट और मूढा का इस्तेमाल किया जाएगा।जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने बताया कि इस बैठक को ब्लॉक खाट मीटिंग नाम दिया गया है। यह बैठक 17 और 18 नवंबर को होगी। इसकी रूपरेखा तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को भेजी जानी है। इससे पहले लखनऊ में 13 नवंबर को कार्यशाला का आयोजन होना है।

पुलिस की सख्ती के बाद भी नशे पर रोक नहीं लग पाई: नशेड़ी की आग से जला करीब 6 कुंतल गन्ना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। पुलिस द्वारा पूरी तरह से सख्ती बरते जाने के बाद भी नशे पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है 'नशा करने वाले चोरी छिपे नशे की पुड़िया खरीद कर खेतों में नशा कर रहे है। नवादा गांव निवासी राजवीर सिंह आज भातू कॉलोनी के पीछे अपने खेत पर पहुंचे तो बीच खेत में लगी आग को देखकर सन रह गए बताया गया कि करीब 5 से 6 कुंतल गन्ना जलकर पूरी तरह से सूख चुका है अनुमान लगा कि शायद रात में किसी नशेड़ी ने वहां पर आग जलाकर स्मैक का नशा किया होगा और उसी के कारण



खेत में आग लग गई लेकिन रात में ओस पडने के कारण आग भड़क नहीं पाई और पांच या छह कुंतल गन्ने का नुकसान हुआ मौके पर देखकर लगा कि यह घटना करीब 10 दिन पहले हुई होगी घटना देखकर आसपास के किसान भी भौचक्के रह गए उनका कहना था कि अगर आग भड़क जाती तो उनके खेत के साथ-साथ आसपास के किसानों का भी गन्ना जलकर राख हो जाता और किसानों को लाखों रुपए की चपत नशेड़ियों द्वारा बड़े आराम से लग जाती किसानों ने कॉलोनी के आसपास के खेतों पर भी नजर रखे जाने की बात कही है।

पुलिस की चौकसी के बाद भी नशे का कारोबार होना चर्चा का विषय बना हुआ है ।

शुभारंभ

चीनी मिल अधिकारियों, किसानों राज नैतिक और सामाजिक लोगों ने चेन में गन्ना डालकर में पेराई सत्र किया शुभारंभ

पूजा यज्ञ-हवन के साथ अवध शुगर मिल के पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

स्योहारा। बिड़ला उद्योग समूह की प्रमुख इकाई अवध शुगर एंड को-जनरेशन प्लांट, स्योहारा में पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ के बीच किया गया। चीनी मिल अधिकारियों ने पारंपरिक पूजा- रिवायत के बाद मिल की चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान सुबह 10 बजे पंडित राकेश शर्मा, दुर्गा दत्त शर्मा एवं मुकेश द्विवेदी ज्ञजमान अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह द्वारा पुजा संपन्न कराई।अधिशासी उपाध्यक्ष मनीष कुमार जैन, अधिशाषी उपाध्यक्ष तकनीकी दिनेश चौहान,वित्त सचिव मुकेश मिश्रा, गन्ना प्रबंधक विश्वास राज, उपाध्यक्ष उत्पादन राकेश गोसाई, उप गन्ना प्रबंधक मोनी शर्मा, अमित कुमार, राजेश शर्मा, पंकज कुमार भारती, सुरक्षा अधिकारी जनरल सिंह रावत, एच आर हेड विवेक श्रीवास्तव,उप-प्रबंधक विश्वास कुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।इस अवसर पर जनपद बिजनौर,



पेराई के दौरान मौजूद अधिकारी

अमरोहा, मुरादाबाद के किसान प्रतिनिधि , समाजसेवी उद्यमियों के साथ-साथ स्थानीय किसान भी मौजूद है। इनमें से डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, डॉक्टर वीनीत देवरा, भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टिकैत, भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल कुशवाहा, गन्ना समिति पूर्व अध्यक्ष डॉ. अभय वीर सिंह ढाका, गन्ना समिति अध्यक्ष बंटी प्रधान सुनील कुमार, पूर्व अध्यक्ष हुकम सिंह, शोभित जैन, आंचल कुमार चौधरी, मुन्नू सिंह, महेश चौहान, नरेश कुमार चौधरी, श्याम सिंह, चंचल शर्मा, समरपाल सिंह, चौधरी वलीउर रहमान, नय्यर चौधरी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।नए सत्र के शुभारंभ पर सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे किसान संतोष देवी पत्नी सुखवीर सिंह, जागन सिंह पत्नी मोहन सिंह, राजवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह एवं समरपाल सिंह की गन्ना भरी गाड़ियों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया तथा उनकी गन्ने की प्रथम तुलाई कराई गई। इसके बाद गन्ने को मिल की चेन में डालकर पेराई प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। सुखड़ी केंद्र से पहुंचे ट्रक का भी तौल किया गया।मिल प्रबंधन की ओर से प्रथम गन्ना लेकर पहुंचे सभी किसानों को नगद धनराशि एवं पशुओं के लिए झूल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मिल अधिकारियों और किसानों के बीच आपसी सहयोग एवं बेहतर समन्वय का संदेश भी देखने को मिला।नए पेराई सत्र के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है। किसानों को उम्मीद है कि इस सत्र में गन्ने की आपूर्ति, तुलाई एवं भुगतान व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होगी और मिल प्रबंधन तथा किसानों के बीच बेहतर तालमेल बना रहेगा।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र में भईया दूज का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुन्नौर/सम्भल। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में आज भईया दूज भाई बहन का



प्यार का त्यौहार हर्षउल्लास के साथ मनाया गया। बबराला में बहन ने दो भाईयों को तिलक लगाकर भईया दूज मनाती हुई।

बहनों ने भाइयों को तिलक कर मांगी लंबी उम्र, बाजारों में रही भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज का पर्व बुधवार को नगर और देहात क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की रौनक

भैया दूज पर बहनों के घर पहुंचने के लिए दिनभर दौड़ते रहे भाई, मिठाई और उपहारों की हुई खूब खरीदारी

दिखाई दी। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार और नकदी भेंट की।

पर्व के चलते सरधना और आसपास के गांवों में दिनभर चहल-पहल रही। भाई सुबह से ही मिठाई



और उपहार लेकर बहनों के घर पहुंचने लगे। बाजारों में मिठाई, खील-बताशे और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। सड़क किनारे भी खील-बताशों की दुकानें सजी नजर आईं। भैया दूज के चलते बस स्टैंड और सड़कों पर भी यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई। रोडवेज और निजी बसों के साथ टेंपो, टाटा मैजिक और टैक्सियों में भी भीड़ रही। सरधना के अलावा नानू, इकड़ी, जुल्हैड़ा, कपसाड़, झिटकरी, रार्धना, करनावल, खिवाई, गोटका और रासना सहित आसपास के गांवों में भी पर्व की धूम रही।वहीं, शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी क्षेत्र में गश्त करते रहे। पूरे दिन भाई-बहनों के मिलन और त्योहार की खुशियों का माहौल बना रहा।



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिनांक 11 नवंबर, 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा राजस्व विभाग के लिए नवचयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 4,300 लाभार्थियों को 215 करोड़ की सहायता राशि का वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

अब जरीब से नहीं,सैटेलाइट तकनीक से होगी जमीन की सटीक पैमाइश: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब जमीन की पैमाइश पुरानी जरीब के बजाय सैटेलाइट आधारित तकनीक से होगी। सभी तहसीलों में रोवर मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले पैमाइश में एक फीट का अंतर दस फीट तक पहुंच जाता था, जिसका खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ता था। अब एक इंच भी इधर-उधर नहीं

- **1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र और 4,300 लाभार्थियों को 215 करोड़ की सहायता राशि के वितरण कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**
- **2017 से पहले शासन और भर्ती प्रक्रिया में बैठे थे 'मुन्ना भाई': मुख्यमंत्री योगी**

होगा। बुधवार को भैया दूज पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 4,300 परिवारों के खातों में 215 करोड़ रुपये भेजे।

2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया में बैठे थे मुन्ना भाई

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त युवाओं से पूछा कि क्या चयन के लिए सिफारिश या पैसे देने पड़े? सभी ने इनकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले शासन और भर्ती प्रक्रिया में 'मुन्ना भाई' बैठे थे। 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' फिल्म का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा कोई देता था और नियुक्ति पत्र कोई दूसरा लेकर चला जाता था। भर्ती आयोगों पर सैफई सिंडिकेट का कब्जा था। भ्रष्टाचार के कारण योग्य युवाओं को न्यायालय जाना पड़ता था। उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि नियुक्तियों की गिनती नहीं आती तो शिवपाल यादव को ट्यूटर रख लें।



26 जनवरी तक एक लाख नियुक्तियों का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रदेश में 9.5 लाख युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र दिए जा चुके थे। इसके बाद 26 जनवरी तक एक लाख अतिरिक्त नियुक्तियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया। 25 अगस्त से अब तक 16 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। छह नवंबर को 4,543 उपनिरीक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। राजस्व विभाग में पहले 10,836 नियुक्तियां हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 7,994 लेखपालों की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पुलिस विभाग में 32 हजार और होमगार्ड के 42 हजार से अधिक पदों पर भर्ती पूरी हो चुकी है। सत्यापन चल रहा है। अगले सप्ताह होमगार्ड जवानों को नियुक्ति पत्र देने का प्रयास है।

445 रोवर मशीनों से जमीन की सटीक पैमाइश

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में अधिकांश विवाद जमीन से जुड़े होते हैं। इन्हें समाप्त करने के लिए 445 रोवर मशीनें खरीदी गई हैं। जून में लगभग 70 हजार पैमाइश कराई गईं। वर्ष 2017 में राजस्व न्यायालयों में 34 लाख मुकदमे लंबित थे। अब तक 37,81,363 वादों का निस्तारण किया गया है। जून में विशेष अभियान के दौरान नामांतरण के 3,10,056 मामले निपटाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें समस्याएं खड़ी करती थीं, वर्तमान सरकार समाधान कर रही है।

घरौनी से ग्रामीण परिवारों को मालिकाना अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर घरौनी योजना से ग्रामीण परिवारों को आबादी की जमीन का मालिकाना अधिकार मिला है। महिलाओं के नाम संपत्ति होने से बैंक ऋण लेकर कारोबार के अवसर बढ़े हैं। देश की आबादी में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत है, जबकि कुल घरौनियों में प्रदेश की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत है।

1.40 लाख किसान परिवारों को दुर्घटना सहायता

मुख्यमंत्री ने बताया कि कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में खेतिहर मजदूरों और बटाईदारों को भी शामिल किया गया है। सांप, बिच्छू, सांड़ तथा जंगली जानवरों के हमले से होने वाली दुर्घटनाएं भी इसके दायरे में हैं। अब तक 1,40,196 किसान परिवारों को 5,833.50 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार संकट में अन्नदाता के परिवार के साथ है।

न कर्फ्यू, न दंगा, यूपी में अब सब चंगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले त्योहारों पर दंगे और कर्फ्यू लगते थे। सपा की चार सरकारों के दौरान प्रदेश में 1,500 दंगे हुए। उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े नौ वर्ष में न कर्फ्यू लगा और न दंगा हुआ। सुरक्षित वातावरण में निवेश और रोजगार बढ़े हैं। उत्तर प्रदेश देश की तीन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दीपावली पर प्रदूषण की आलोचना करने वालों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जिन्होंने भ्रष्टाचार से सिस्टम को प्रदूषित किया, उन्हें जनता के त्योहार मनाने पर प्रदूषण याद आता है।

पहले नौकरी के लिए चलती थी पर्ची-खर्ची: ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा शासनकाल में नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची चलती थी। हर जिले में एजेंट सक्रिय थे। अब बिना जुगाड़ नियुक्तियां हो रही हैं। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से समाजसेवा को प्राथमिकता देने और राजस्व विभाग को देश में नंबर एक बनाने का आह्वान किया। राजस्व राज्य मंत्री सुरेन्द्र दिलेर ने कहा कि तकनीक और नवाचार से राजस्व विभाग में परिवर्तन हुए हैं। दुर्घटना पीड़ित परिवारों को सहायता सरकार की संवेदना और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

यूथ हॉस्टल शान-ए-अवध इकाई का त्रैवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न, गोपेन्द्र अध्यक्ष व पंकज सचिव मनोनीत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की शान-ए-अवध इकाई, लखनऊ का त्रैवार्षिक चुनाव इंदिरा नगर में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। नई कार्यकारिणी में श्री गोपेन्द्र कुमार वर्मा को इकाई अध्यक्ष तथा श्री एस.एन. लाल को चेयरमैन चुना गया। उपाध्यक्ष पद का दायित्व श्री राजेश कुमार त्रिवेदी, वाई.पी.एस. भल्ला और ए.के. द्विवेदी को सौंपा गया, जबकि श्री चंद्रभूषण अग्रवाल इकाई कोषाध्यक्ष चुने गए। संगठन के



प्रति दीर्घकालीन निष्ठा और समर्पण को देखते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपेन्द्र कुमार वर्मा ने श्री पंकज श्रीवास्तव को छठी बार इकाई सचिव पद पर मनोनीत किया। सचिव पंकज श्रीवास्तव ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पूर्णिमा श्रीवास्तव को सह-सचिव तथा श्री सै. मो. तारिक अली को संयुक्त सचिव मनोनीत किया। इसके अलावा आशुतोष अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अरुण कुमार मिश्रा, सुशील श्रीवास्तव, कन्हैया जी दीक्षित, आशुतोष सिंह, पूनम त्रिपाठी, प्रीति, राजीव रावत और मो. उवैस को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक के दौरान सचिव पंकज श्रीवास्तव ने संगठन की सदस्यता बढ़ाने, साहसिक पर्यटन, ट्रैकिंग, पर्वतारोहण को बढ़ावा देने और युवाओं की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

मुफ्ती अख्तर हुसैन उर्दू कॉलेज में मनाई गई मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कोटा। विज्ञान नगर स्थित मुफ्ती अख्तर हुसैन उर्दू कॉलेज में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को किया याद

दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उर्दू कॉलेज के निदेशक मुफ्ती शमीम अशरफ ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। उनकी जयंती को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद ने स्वतंत्र भारत में शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसी प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं तथा उच्च शिक्षा के ढांचे को विकसित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद का मानना था कि शिक्षा ही देश की तरक्की और समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार है। उनके विचार और आदर्श आज भी देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस अवसर पर मुफ्ती शहबाज अहमद मिस्बाही, कारी सादिर हुसैन शम्सी, मौलाना अख्तर हुसैन, हाफिज उबैदुल्लाह, कारी आशिक रजा असलमी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

गृहकर ब्याज माफी योजना की अवधि 25 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ। नगर निगम की ओर से गृहकर बकाया पर ब्याज माफी के लिए संचालित एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की अवधि 15 नवंबर से बढ़ाकर 25 दिसंबर तक किए जाने की मांग उठाई गई है। समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षदों ने नगर आयुक्त, महापौर एवं वर्तमान नगर निगम बोर्ड से जनहित और निगम के राजस्व हित में योजना की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है।पूर्व पार्षद दल नेता अफजाल सैफी, पूर्व पार्षद एवं समाजवादी बाबा साहब आंबिडकर वाहिनी की राष्ट्रीय सचिव संगीता राहुल, पूर्व पार्षद हाजी आदिल अंसारी और पूर्व पार्षद सुमित बौद्ध ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर माह में विभिन्न त्योहारों के चलते नगर निगम कार्यालय में कई दिन अवकाश रहा। इसके कारण शहर के अनेक गृहकरदाता ब्याज माफी योजना का लाभ नहीं उठा सके हैं। उन्होंने कहा कि यदि योजना की अवधि 25 दिसंबर तक बढ़ाई जाती है तो शेष गृहकरदाता भी

पूर्व पार्षदों ने महापौर और नगर आयुक्त को सौंपा सुझाव, योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की भी उठाई मांग

बकाया गृहकर जमा कर ब्याज माफी का लाभ उठा सकेंगे। इससे आम जनता को राहत मिलने के साथ ही नगर निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। पूर्व पार्षदों ने महापौर और नगर आयुक्त से मांग की कि इस संबंध में तत्काल उत्तर प्रदेश शासन को प्रस्ताव भेजकर योजना की समय सीमा बढ़ाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। इसके लिए शहर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर बैनर लगवाने के साथ ही डिजिटल स्क्रीन पर प्रचार सामग्री प्रदर्शित कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक गृहकरदाता योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकें।

मांग करने वालों में शामिल:

अफजाल सैफी, पूर्व पार्षद दल नेता, नगर निगम, समाजवादी पार्टी।

संगीता राहुल, पूर्व पार्षद एवं राष्ट्रीय सचिव, समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी। हाजी आदिल अंसारी, पूर्व पार्षद एवं प्रदेश सचिव, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, उत्तर प्रदेश। सुमित बौद्ध, पूर्व पार्षद एवं राष्ट्रीय सचिव, समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी।

छोटे इमामबाड़े में 11 से 14 नवंबर तक मजलिस-ए-अजाए फातमिया का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। शहजादी-ए-कौनैन हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत की याद में लखनऊ के ऐतिहासिक छोटे इमामबाड़े में 11 से 14 नवंबर तक मजलिस-ए-अजाए फातमिया का आयोजन किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 से 13 नवंबर तक रोजाना रात 8 बजे हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन मौलाना वासी हसन खान मजलिस को खिताब फरमाएँगे।वहीं, 14 नवंबर को दोपहर 3 बजे जामिया नाजमिया के प्रोफेसर हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन मौलाना जहीर अब्बास खान साहब मजलिस को संबोधित करेंगे। इसी दिन रात 8 बजे मजलिस-ए-अलविदाई का आयोजन होगा, जिसे हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन मौलाना मोहम्मद मियाँ आबिदी साहब खिताब करेंगे।यह सभी मजालिस लखनऊ के ऐतिहासिक छोटे इमामबाड़े में आयोजित होंगी। कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी मोमिनीन व मोमिनात से अधिक से अधिक संख्या में शिरकत फरमाने की अपील की है।



योगी सरकार के दीपोत्सव में 220 टन रेत से रचा गया राम दरबार, बना विश्व रिकार्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अयोध्या। योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा आयोजित दीपोत्सव 2026 में अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अयोध्या में सरयू नदी के तट पर स्थित राम कथा पार्क में उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ 220 टन सरयू की रेत से 58 फीट लंबा और 20 फीट ऊंचा भव्य राम दरबार एवं राम मंदिर की विशाल कलाकृति तैयार की। यह कलाकृति विश्व शांति, मानवता और भाईचारे का संदेश देती है। योगी सरकार के पर्यटन विभाग के आमंत्रण पर तैयार इस कृति को ह्यबुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डह्ल में दर्ज कर लिया गया है।



- **सरयू की रेत से तैयार हुआ 58 फीट लंबा और 20 फीट ऊंचा भव्य राम दरबार व राम मंदिर की विशाल कलाकृति**
- **सात दिनों की साधना से तैयार हुई दिव्य कलाकृति, उपराष्ट्रपति ने दी थी शाबाशी**

सात दिनों की साधना से तैयार हुई दिव्य कलाकृति

30 अक्टूबर से शुरू हुआ निर्माण कार्य सात दिनों की निरंतर मेहनत के बाद 7 नवंबर को पूरा हुआ। मधुरेंद्र कुमार ने बताया कि यह उनकी इस तरह की पहली और विश्व की सबसे लंबी रेत निर्मित राम दरबार कलाकृति है। दीपोत्सव के भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कलाकृति का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में सृजित ऐसी ऐतिहासिक कला को शहर कभी नहीं भूलेगा और कलाकार को विश्व रिकॉर्ड पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति ने ह्यवेल डनह्ल कहकर सराहना की।

डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया, गिनीज की प्रक्रिया जारी

मधुरेंद्र कुमार ने 30 अक्टूबर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को सूचना भेजी थी। 7 नवंबर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने ईमेल के माध्यम से स्वीकृति दी। रिकॉर्ड संख्या क्छज/2026/001810 के तहत इसे दर्ज किया गया और डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। गिनीज की प्रक्रिया अभी जारी है। यह कलाकृति योगी सरकार के दीपोत्सव के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से बनी, जो अयोध्या को वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

सम्मान राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट, नगीना ने प्रदान किया प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान; समारोह में प्रख्यात साहित्यकारों, शायरों और बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति

डॉ.तारिक कमर निशान-ए-इकबाल से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नगीना। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर, साहित्यकार एवं बुद्धिजीवी डॉ. तारिक कमर को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक एवं शैक्षणिक सेवाओं के सम्मान में राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट, नगीना की ओर से प्रतिष्ठित सम्मान निशान-ए-इकबाल से सम्मानित किया गया।

नगीना के गुलिस्तान-ए-शाहिद में आयोजित एक महत्वपूर्ण साहित्यिक समारोह में यह सम्मान सऊदी अरब से पधारे जनाब बहजत अय्यूब जंजानी तथा प्रख्यात शायर एवं विद्वान जनाब तैयब आजाद के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. तारिक कमर को सम्मान-पत्र भी भेंट किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रख्यात बुद्धिजीवी जनाब परवेज आदिल माही ने कहा कि डॉ. तारिक कमर को प्रदान किया गया यह सम्मान वास्तव में हमारे दौर की उत्कृष्ट शायरी और साहित्यिक मूल्यों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि डॉ. कमर की साहित्यिक एवं अकादमिक सेवाओं को सम्मानित करते हुए



राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट स्वयं भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रसिद्ध शायर जनाब बहारुद्दीन शम्स ने कहा कि डॉ. तारिक कमर की शैक्षणिक योग्यता और काव्य प्रतिभा को आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने बताया कि डॉ. कमर स्वयं शायरी के विषय पर पीएचडी और डी.लिट. जैसी उच्च शोध उपाधियाँ प्राप्त कर चुके हैं, जबकि उनकी शायरी पर भी पीएचडी का शोधकार्य पूरा हो चुका है। उनके चार काव्य-संग्रहों सहित विभिन्न विषयों पर कुल बारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

इस अवसर पर एक गरिमामय एवं स्तरीय काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न शहरों से पधारे प्रतिष्ठित शायरों ने अपना कलाम प्रस्तुत किया और श्रोताओं की भरपूर दाद एवं सराहना प्राप्त की।

यह सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी रात्रि आठ बजे प्रारंभ हुई और रात दो बजे तक अत्यंत सफलतापूर्वक साहित्यिक गरिमा एवं उत्साह के साथ जारी रही।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267